हिन्दी सांध्य दैनिक

# प्रखर पूर्वांचल

अखबार नहीं आंदोलन


RNI:UPHIN/2016/68754 | www.prakharpurvanchal.com | Email ID: prakharpurvanchal@gmail.com

गाजीपुर से प्रकाशित व वाराणसी, चंदौली, सोनभद्र, मऊ, बलिया, आजमगढ़, भदोही, मिर्जापुर, जौनपुर, लखनऊ, प्रयागराज, गोरखपुर, कुशीनगर, महाराजगंज तथा देवरिया से प्रसारित

वर्षः 8, अंकः 21, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00, आमंत्रण मूल्य 2.00 | 19 जुलाई, 2023 दिन बुधवार | गाजीपुर/वाराणसी

## निवेशकों के लिए खुशखबरी पैसे वापस करेगा सहारा

### पैसा लौटाने के लिए रिफंड पोर्टल लॉन्च, शाह ने बताया ऐतिहासिक क्षण



नई दिल्ली। सहकारिता मंत्री अमित शाह ने मंगलवार को 'सीआरसीएस-सहारा रिफंड पोर्टल' की शुरूआत की। इस पोर्टल का मकसद सहारा समूह की चार सहकारी समितियों में जमा करोड़ों लोगों की मेहनत की कमाई को लगभग 45 दिनों में वापस करना है। ऐतिहासिक क्षण बताते हुए शाह ने कहा कि यह पहली बार है जब जमाकताओं को ऐसे मामले में उनके रुपये वापस मिल रहे हैं, जहां कई सरकारी एजेंसियां शामिल हैं और प्रत्येक ने संपत्ति जब्त की है।

**45 दिनों में मिलेगा रिफंड**– गृह मंत्री ने जमाकताओं को भरोसा दिया कि अब उनका धन कोई नहीं रोक सकता है और पोर्टल पर पंजीकरण करने के 45 दिनों में उन्हें रिफंड मिल जाएगा।

**10 करोड़ निवेशकों को राहत**– सरकार ने 29 मार्च को कहा था कि चारों सहकारी समितियों के 10 करोड़ निवेशकों को नौ महीने के भीतर उनके रुपये लौटा दिए जाएंगे। बता दें, यह घोषणा उच्चतम न्यायालय के उस आदेश के बाद हुई, जिसमें सहारा-सेबी रिफंड खाते से 5,000 करोड़ रुपये सहकारी समितियों के केंद्रीय पंजीयक (सीआरसीएस) को हस्तांतरित करने का निर्देश दिया गया था।

**अधिक निवेश करने वालों की बढ़ेगी राशि**– शाह ने कहा कि शुरूआत में जमाकताओं को 10,000 रुपये तक का रिफंड मिलेगा। बाद में जिन्होंने अधिक निवेश किया है उन लोगों के लिए राशि बढ़ाई जाएगी। उन्होंने कहा कि 5,000 करोड़ रुपये का कोष पहले चरण में 1.7 करोड़ जमाकताओं को राहत देगा।

**ढाई करोड़ लोगों के रुपये जमा**– गौरतलब है, चार सहकारी समितियों- सहारा क्रेडिट कोऑपरेटिव सोसाइटी लिमिटेड, सहारायन यूनिवर्सल मल्टीपर्पज सोसाइटी लिमिटेड, हमारा इंडिया क्रेडिट कोऑपरेटिव सोसाइटी लिमिटेड और स्टार्स मल्टीपर्पज कोऑपरेटिव सोसाइटी लिमिटेड में लगभग 2.5 करोड़ लोगों के 30,000 रुपये तक जमा हैं।

**सुप्रीम कोर्ट का रुख करेंगे गृह मंत्री**– शाह ने कहा कि पांच हजार करोड़ रुपये जमाकताओं को दिए जाने के बाद हम उच्चतम न्यायालय का दरवाजा खटखटाएंगे और उनसे अधिक धनराशि जारी करने का अनुरोध करेंगे, ताकि बड़ी राशि वाले अन्य जमाकताओं का पूरा धन वापस किया जा सके।

**वैध दावे प्रस्तुत करने के लिए पोर्टल**– इन सहकारी समितियों के जमाकताओं के वैध दावे प्रस्तुत करने के लिए आईएफसीआई की एक सहायक कंपनी ने पोर्टल विकसित किया है। शाह ने कहा कि इसके लिए दो बातें जरूरी हैं - मोबाइल के साथ आधार पंजीकरण और उस बैंक खाते से आधार को जोड़ना, जिसमें रिफंड जमा करना है। उन्होंने कहा कि पोर्टल पर ऑनलाइन पंजीकरण के लिए साझा सेवा केंद्र जमाकताओं की मदद करेंगे।

## पहलवान यौन उत्पीड़न मामले में बृजभूषण सिंह को राहत, मिली अंतरिम जमानत



नई दिल्ली। भारतीय कुश्ती संघ के पूर्व अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह आज राउज एवेन्यू कोर्ट में पेश हुए, जहां उन्हें अदालत से राहत मिल गई। अदालत ने सांसद को पहलवान यौन शोषण मामले में अंतरिम जमानत प्रदान की है। दिल्ली पुलिस की ओर से लोक अभियोजक अतुल श्रीवास्तव पेश हुए। कोर्ट ने पूछा- जमानत के लिए आपके क्या तर्क हैं? दिल्ली पुलिस ने कहा-हमने बृजभूषण को गिरफ्तार नहीं किया है। जमानत देने में शर्त तो होनी ही चाहिए। इस पर कोर्ट ने बृजभूषण को 20 जुलाई तक अंतरिम जमानत दी। कोर्ट ने कहा कि वह 20 जुलाई को नियमित जमानत पर बहस सुनने के बाद निर्णय लेगा। कोर्ट ने बृज भूषण के अलावा दूसरे आरोपित विनोद तोमर को भी अंतरिम जमानत दे दी है। 25 हजार के निजी मुचलके पर जमानत दी गई है।

## बीते छह साल में यूपी बीमारू राज्य की श्रेणी से निकलकर सक्षम राज्य बनने की ओर बढ़ा : योगी




लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि पहले की सरकार में प्रदेश के नौजवानों के सामने पहचान का संकट होता था। सरकारी नौकरी निकलती थी तो चाचा और भतीजा झोला लेकर के वसूली पर निकल पड़ते थे। इससे प्रदेश का प्रतिभाशाली नौजवान ठगा रह जाता था। आज प्रदेश के आयोग या बोर्ड पर कोई अंगुली नहीं उठा सकता है। आज हम टेक्नोलॉजी का बेहतर उपयोग करते हुए पूरे पारदर्शी तरीके से सरकारी नौकरी की भर्ती प्रक्रिया को आगे बढ़ा रहे हैं। इसी का परिणाम है कि प्रदेश के नौजवानों के मन में उत्साह है और उनके मन में प्रदेश के लिए कुछ कर गुजरने की तमन्ना है।

सीएम योगी ने मिशन रोजगार के तहत निष्पक्ष एवं पारदर्शी चयन प्रक्रिया के अंतर्गत चयनित हुईं अभ्यर्थियों के नियुक्ति पत्र वितरण कार्यक्रम को लोकभवन सभागार में मंगलवार को संबोधित किया। कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग द्वारा चयनित 1,573 एएनएम स्वास्थ्य कार्यकर्त्रियों को नियुक्ति पत्र वितरित किया गया। इस दौरान सीएम योगी ने कहा कि पूर्व की बीमार मानसकिता की सरकार ने उत्तर प्रदेश को बीमारू बना दिया था। हमारी सरकार ने पिछले छह वर्ष के अंदर यूपी को बीमारू राज्य की श्रेणी से उबारकर एक सक्षम राज्य बनने की ओर अग्रसर किया है। नीति आयोग के आंकड़े इसके गवाह हैं।

सीएम योगी ने कहा कि नीति आयोग के आंकड़ों को देखें तो वर्ष 2015-2016 में प्रदेश में पौने छह करोड़ लोग यानी 37.68 प्रतिशत लोग गरीबी रेखा के नीचे जीवन यापन कर रहे थे। वहीं हमारी सरकार वर्ष 2019 से 2021 के अंदर ही इसे कम करते हुए 22 फीसदी पर लाने में सफल हुई। वहीं आज के समय में यह आंकड़ा मात्र 12 फीसदी पर रह गया है। यह आंकड़ा सभी को आश्चर्य में डालता है। उन्होंने कहा कि जिन जिलों में बहुत कम कार्य हुए थे, हमारी सरकार ने उन्हें चिह्नित किया। इसके तहत नीति आयोग द्वारा चयनित आठ आकांक्षात्मक जनपदों के साथ-साथ हमने 100 आकांक्षात्मक विकास खंडों का भी चयन किया और नीति आयोग द्वारा निर्धारित किए गए पैरामीटर्स शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि एवं जल संसाधन, कौशल विकास एवं रोजगार और आर्थिक असमानता पर कार्य करना शुरू किया। इसी का परिणाम है कि आज उत्तर प्रदेश विकास के पथ पर तेजी के साथ आगे बढ़ पाया।

सीएम योगी ने कहा कि यह कार्यक्रम मिशन रोजगार के साथ-साथ मिशन शक्ति का भी है, क्योंकि इससे प्रदेश की बालिकाएं जुड़ी हुई हैं, यह उन्हें सशक्त बनाएगा। उन्होंने कहा कि पिछले डेढ़ साल में हमारी सरकार 19 नियुक्ति पत्र वितरण कार्यक्रम आयोजित कर चुकी है, जिसके तहत लगभग 58000 नौजवानों को सरकारी नौकरी दी गई है। अगर सरकार के पास दृढ़ इच्छाशक्ति हो तो ऐसे ही पारदर्शी तरीके से युवाओं को नौकरी और रोजगार से जोड़ सकती है।

## पीएम मोदी ने पोर्ट ब्लेयर एयरपोर्ट के नए टर्मिनल भवन का किया उद्घाटन, केंद्र शासित प्रदेश को मिलेगी रफ्तार



नई दिल्ली/पोर्ट ब्लेयर। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए पोर्ट ब्लेयर में वीर सावरकर अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के नए एकीकृत टर्मिनल भवन का उद्घाटन किया। इस नए टर्मिनल भवन का निर्माण 710 करोड़ रुपये की लागत से हुआ है। इससे केंद्र शासित प्रदेश में कनेक्टिविटी को रफ्तार मिलेगी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि पोर्ट ब्लेयर में वीर सावरकर अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे की नई एकीकृत टर्मिनल बिल्डिंग से यात्रा में आसानी और व्यापार करने में आसानी के साथ-साथ कनेक्टिविटी भी मजबूत होगी। पीएम मोदी ने कहा कि अभी तक मौजूदा टर्मिनल की क्षमता हर रोज 4,000 पर्यटकों को सेवा देने की थी, नया टर्मिनल बनने के बाद इस हवाईअड्डे की क्षमता रोज करीब-करीब 11,000 पर्यटकों को सेवा देने की हो गई है। उन्होंने कहा कि यहां के लिए नए विमानों का भी रास्ता खुल गया है। नागरिक उड्डयन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया पोर्ट ब्लेयर पहुंच चुके हैं। उन्होंने कहा कि आज अंडमान-निकोबार द्वीप समूह से 710 करोड़ रुपए का एयरपोर्ट भारत को समर्पित किया जा रहा है। इससे दिल्ली-चेन्नई-विशाखापट्टनम के लिए कनेक्टिविटी होगी और आने वाले दिनों में इससे भी ज्यादा कनेक्टिविटी बढ़ेगी। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि इसके साथ ही चार वाटर ड्रोन भी स्थापित किए जाएंगे। इससे अंडमान-निकोबार द्वीप समूह का आर्थिक विकास होगा। बता दें कि नए टर्मिनल भवन करीब 40,800 वर्ग मीटर में फैला हुआ है। नए टर्मिनल भवन सालाना लगभग 50 लाख यात्रियों को संभालने में सक्षम होगा। इसके साथ ही पोर्ट ब्लेयर एयरपोर्ट पर 80 करोड़ रुपये की लागत से दो बोइंग-767-400 और दो एयरबस-321 प्रकार के विमानों के लिए उपयुक्त एक एप्रन का भी निर्माण किया गया है। इससे एयरपोर्ट पर एक साथ 10 विमानों को पार्क किया जा सकेगा। पोर्ट ब्लेयर एयरपोर्ट पर नए टर्मिनल भवन को शंख का आकार दिया गया है। ये समुद्र और द्वीपों को दर्शाती है।

## शारदा में उफानः नदी में छोड़ा गया डेढ़ लाख क्यूसेक पानी, पीलीभीत के कई गांवों में बाढ़ का खतरा; अलर्ट जारी

पीलीभीत। पीलीभीत जनपद में शारदा नदी उफान पर बह रही है। बनबसा बैराज से डेढ़ लाख क्यूसेक पानी नदी में छोड़ा गया है। नदी का जलस्तर तेजी से बढ़ रहा है, जिससे तटवर्ती इलाकों में बाढ़ का खतरा मंडराने लगा है। बाढ़ खंड ने अलर्ट जारी किया है। लोगों को आगाह किया गया है कि नदी से दूरी बनाए रखें। किसी को भी नदी किनारे न जाने दें और ऊंचाई वाली जगह पर रहें। शारदा नदी की जद में कलीनगर तहसील क्षेत्र के नौजल्हा नंबर एक, दो, गभिया सहराई, नलडेंगा, नगरिया खुर्द कला, रमनगरा समेत गांव आते हैं। शारदा नदी में ढाई लाख क्यूसेक से अधिक पानी छोड़े जाने के बाद इन गांवों में खतरा मंडराता है। मंगलवार को डेढ़ लाख क्यूसेक पानी छोड़ जाने के बाद नौजल्हा नंबर एक और नलडेंगा क्षेत्र में नदी के नजदीक बसे एक दर्जन घर बाढ़ की जद में आ गए हैं। सिंचाई विभाग के अभियंता बाढ़ के पानी पर नजर रख रहे हैं। कलीनगर के नौजल्हा क्षेत्र में नोमैंस लैंड के निकट शारदा नदी ने कटान तेज कर दिया। नदी का पानी गोलाई में लगातार काटन कर रहा है। सोमवार को एसडीएम आशुतोष गुप्ता ने राजस्व टीम के साथ नौजल्हा और नगरिया खुर्द कलां क्षेत्र में पहुंचकर कटान की स्थिति देखी। सिंचाई विभाग के अभियंताओं जरूरी बचाव कार्य करने के निर्देश दिए। कलीनगर और पूरनपुर तहसील क्षेत्र में हर साल शारदा नदी तबाही मचाती है। बरसात के दौरान हर साल बाएं और दाएं दोनों ही किनारों की हजारों एकड़ कृषि भूमि नदी में समा जाती है। बरसात के बाद नदी जब अपने पेटे में लौटती है तो जमीन पर रेत के ढेर छोड़ जाती है। इसके साथ ही कटान रोकने के बाद नाम कराए जाने वाले बाढ़ नियंत्रण कार्य भी क्षतिग्रस्त हो जाते हैं।

## देहरादून-अंबाला हाईवे पर हादसा, 4 लोगों की जिंदा जलकर मौत, ट्रक की टक्कर से कार में लगी आग



रामपुर मनिहारान (सहारनपुर)। रामपुर मनिहारान क्षेत्र के देहरादून अंबाला हाईवे पर मंगलवार की दोपहर भीषण सड़क हादसे में कार में आग लग गई। कार में सवार चार लोग जिंदा जल गए। घटना के बाद हाईवे पर जाम लग गया। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और कार को कब्जे में ले लिया। कार सवार पूरी तरह जल गए। कार को कटर से काटकर शवों को बाहर निकाला गया। कार सवार मृतकों की शिनाख्त ज्वालापुर हरिद्वार की हुई है।

**आल्टो कार में सवार थे चार लोग**– मंगलवार को 12 बजे के लगभग सहारनपुर के अंबाला हाईवे पर चुनेटी पुल के निकट हाईवे पर एक आल्टो कार जा रही थी। जिसमें चार व्यक्ति सवार थे। कार अचानक सड़क पर ट्रक से टकरा गई। ट्रक से टकराने के बाद कार में आग लग गई। आग लगने से कार की खिड़कियां लॉक हो गई और कार में आग ने भीषण रूप ले लिया। घटना के बाद हाईवे पर जाम लग गया।

**बुरी तरह जल चुके थे शव**– सूचना मिलते ही थाना प्रभारी इंस्पेक्टर नरेंद्र कुमार शर्मा पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और फायर ब्रिगेड को बुलाकर कार में लगी आग को बुझाया, लेकिन तब तक शव बुरी तरह जल चुके थे। घटना के बाद पुलिस ने कार को हाईवे से हटाकर चुनटी चौकी पर ले गए। शवों को बाहर निकाला शव पूरी तरह जलकर राख हो चुके थे। फॉरेंसिक जांच टीम अधिकारी मौके पर पहुंचे और जांच की। कार में सवार सभी व्यक्तियों की जलने के कारण उनकी शिनाख्त बहुत प्रयास के बाद हो पाई।

**हादसे के कारण में जुटी फोरेंसिक टीम**– फोरेंसिक टीम मौके पर पहुंची और हादसे के कारण पता करने में लगी हुई हैं।

## लखनऊ से गोरखपुर आ रही वंदे भारत ट्रेन पर चलाए गए पत्थर, ई वन कोच का शीशा चटका




गोरखपुर। वंदे भारत ट्रेन पर एक बार फिर पत्थर चला है। सोमवार की रात 11:00 बजे के आसपास डोमिनगढ़ स्टेशन के पास लखनऊ से गोरखपुर आ रही 22550 नंबर की वंदे भारत ट्रेन पर अराजकतत्वों ने पत्थर चला दिया। पत्थर लगने से एग्जीक्यूटिव कोच ई वन (ईसी) के सीट नंबर 13 और 14 नंबर के पास वाला शीशा क्षतिग्रस्त हो गया। पत्थर लगने के बाद यात्रियों में दहशत फैल गई। कोचों के अंदर कुछ देर के लिए अफरातफरी मच गई। 11 जुलाई को भी अयोध्या कैंट से आगे सोहावल और देवरा कोट के बीच गोरखपुर से लखनऊ जा रही 22549 नंबर की वंदे भारत ट्रेन पर अराजकतत्वों ने पत्थर चला दिया था। पत्थर लगने से चार कोचों के चार खिड़कियों के शीशे चटक गए। हालांकि, पत्थरबाजी के कुछ घंटे बाद ही पुलिस ने तीन लोगों को गिरफ्तार कर लिया था। शनिवार को ही गोरखपुर स्थित न्यू वाशिंग पिट में क्षतिग्रस्त शीशा बदले गए गए थे। दिल्ली से मंगाकर चार नए शीशे लगाए गए। एक सप्ताह के अंदर ही अराजकत्वों ने वंदे भारत पर दूसरी बार पत्थर चला दिया है। मामले को लेकर रेलवे पुलिस सीसीटीवी फुटेज खंगालने के साथ ही हर बिंदु को लेकर जांच कर रही है।

## पीएम मोदी के फ्रांस दौरे पर सिविल न्यूक्लियर डील पर हुई बात, स्कॉर्पीन सबमरीन पर अभी समझौता नहीं



नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हाल ही में फ्रांस का दौरा किया था। पीएम मोदी के फ्रांस दौरे पर दोनों देशों की किन मुद्दों पर बात हुई, उसकी जानकारी सामने आई है। सूत्रों के अनुसार, पीएम मोदी और फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रां के बीच पेरिस में नागरिक परमाणु ऊर्जा के मुद्दे पर बातचीत हुई। कार्बन रहित अर्थव्यवस्था के लिए नागरिक परमाणु ऊर्जा बेहद अहम है और आज फ्रांस में 70-80 फीसदी ऊर्जा इसी स्त्रोत से आती है। हालांकि इसके लिए बड़े निवेश की जरूरत है।

**जैतापुर न्यूक्लियर प्लांट पर हुई बात**– महाराष्ट्र के रत्नागिरी के जैतापुर में फ्रांस के सहयोग से नागरिक परमाणु ऊर्जा प्लांट स्थापित किया जा रहा है। हालांकि इस प्रोजेक्ट का बड़े पैमाने पर विरोध भी हो रहा है। दोनों देशों के नेताओं की मुलाकात में इसे लेकर भी बात हुई। हालांकि कुछ मुद्दे हैं जैसे तकनीक, फाइनेंस आदि जिन्हें हल किया जाना है और बातचीत चल रही है। दोनों देशों के बीच अगले 25 सालों के लिए रोडमैप तैयार किया गया है। जिसके तहत ज्यादा से ज्यादा क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने पर बात हुई। भारत नौसेना के लिए राफेल जेट्स खरीदने की तैयारी कर रहा है और दोनों देशों के बीच इसे लेकर बातचीत भी हुई।

**स्कोर्पियन पनडुब्बी डील को लेकर हुई बात**– स्कोर्पियन पनडुब्बी डील को लेकर अभी भी बातचीत चल रही है और जल्द ही इसे लेकर कोई अंतिम डील हो सकती है। फ्रांस ने भारत की जी20 अध्यक्षता की तारीफ की और ये भी कहा कि उत्तर और दक्षिण के बंटवारे को बढ़ावा नहीं दिया जाना चाहिए। फ्रांस ने अफ्रीकन यूनियन को भी जी20 में शामिल करने का समर्थन किया है। पीएम मोदी और फ्रांसीसी राष्ट्रपति के बीच हुई बातचीत में रूस-यूक्रेन युद्ध पर भी बात हुई। पीएम मोदी ने फिर अपने स्टैंड को दोहराया कि यह समय युद्ध का समय नहीं है। चीन के मुद्दे पर दोनों देशों में बात हुई। हिंद प्रशांत क्षेत्र में दोनों देशों ने सहयोग की बात कही।

## मानसून सत्र से पहले सरकार ने बुलाई सर्वदलीय बैठक, पीएम मोदी भी होंगे शामिल



नई दिल्ली। मानसून सत्र से पहले सरकार ने सर्वदलीय बैठक बुलाई है। संसद का मानसून सत्र 20 जुलाई से शुरू होगा। यह एक औपचारिक बैठक होगी जो संसद सत्र शुरू होने से एक दिन पहले शाम में होगी। इस बैठक में सरकार के वरिष्ठ मंत्रियों समेत प्रधानमंत्री मोदी भी शिरकत करेंगे। बता दें कि पहले यह सर्वदलीय बैठक राज्य सभा के सभापति जगदीप धनखड़ ने मंगलवार को बुलाई थी लेकिन अधिकतर पार्टियों के नेताओं की अनुपलब्धता के चलते यह बैठक टाल दी गई। इस साल कई राज्यों में होने वाले विधानसभा चुनाव और अगले साल होने वाले लोकसभा चुनाव को देखते हुए सत्ताधारी पार्टी और विपक्ष अपनी-अपनी रणनीति बनाने में जुटे हैं। विपक्ष जहां मंगलवार को बेंगलुरु में बैठक कर रहा है, वहीं एनडीए दिल्ली में बैठक कर रहा है। मानसून सत्र के हंगामेदार होने का अनुमान है। अगले साल होने वाले लोकसभा चुनाव को देखते हुए विपक्ष सरकार के खिलाफ हमलावर रुख अपनाएगा। साथ ही महंगाई, मणिपुर संकट जैसे मुद्दों को लेकर भी विपक्ष, सरकार को निशाने पर ले सकता है। उल्लेखनीय है कि संसद का शीतकालीन सत्र भी हंगामे की भेंट चढ़ गया था।

## संपादकीय

# कारों में सुरक्षा मानकों को लेकर सख्ती

जब भी कोई बड़ा सड़क हादसा होता है, तो इस विषय पर चर्चा होती है, फिर जैसा चल रहा है, वैसा ही चलता रहता है। मगर अब सरकार ने कारों में सुरक्षा मानकों को लेकर सख्ती बरतने का मन बना लिया है। इसके लिए नई कार मूल्यांकन कार्यक्रम यानी एनसीएपी लागू किया गया है। इस कदम का सभी भारतीय कार उत्पादक कंपनियों ने स्वागत किया है। माना जा रहा है कि इससे सुरक्षित कारों के उत्पादन को प्रोत्साहन मिलेगा। यह न केवल भारतीय उपभोक्ता की दृष्टि से, बल्कि निर्यात की दृष्टि से भी लाभकारी कदम साबित हो सकता है। भारतीय कारें न केवल अपने देश में बिकती हैं, बल्कि बड़े पैमाने पर दूसरे देशों में भी इन्हें भेजा जाता है। ऐसे में भारतीय कारें अगर अंतरराष्ट्रीय सुरक्षा मानकों पर खरी उतरती हैं, तो विदेशी कंपनियों की कारों से भी प्रतिस्पर्धा कर सकती हैं। सड़क दुर्घटनाओं में होने वाली मौतों के मामले में भारत दुनिया में सबसे जोखिम वाला देश है। ऐसे में सड़क दुर्घटनाओं में मौतों पर भी काबू पाने में मदद मिलेगी। मगर देखना है कि भारतीय कंपनियां सुरक्षा मानकों का कितना पालन करती हैं। हालांकि भारत में अब कई विदेशी कार निमार्ता कंपनियों ने अपना कारोबार फैला लिया है। उन्हें यहां कार निर्माण की इजाजत देने के पीछे मकसद यही था कि उनके आने से कार बाजार में स्वस्थ प्रतिस्पर्धा शुरू होगी और भारतीय कारों की गुणवत्ता में भी सुधार आएगा। मगर विदेशी कंपनियों ने भी कई मामलों में बाजार के वही नुस्खे आजमाने शुरू कर दिए, जो भारतीय कार निमार्ता कंपनियां आजमाती आ रही हैं। दरअसल, कार खरीदने में भारतीय उपभोक्ता की मानसिकता एक बड़ा कारण है, जिसके चलते कार निमार्ता कंपनियों ने सुरक्षा मानकों को नजरअंदाज करना शुरू कर दिया। ज्यादातर भारतीय उपभोक्ता कार या तो इस मानसिकता से खरीदता है कि उसे कहीं आने-जाने में आसानी होगी या फिर अपनी हैसियत प्रदर्शित करने की मानसिकता से खरीदता है। सुरक्षा मानकों की पड़ताल बहुत कम ग्राहक करते हैं। फिर कंपनियां भारतीय उपभोक्ता की क्रयशक्ति का आकलन करती हैं और विभिन्न आयवर्ग को ध्यान में रख कर कारें बनाती हैं। इस लिहाज से कम और मध्यम आयवर्ग को ध्यान में रख कर बनाई जाने वाली कारों में आमतौर पर सुरक्षा मानकों के साथ समझौता देखा जाता है। हालांकि सड़क दुर्घटनाओं में मौतों के आकड़े को ध्यान में रखते हुए छोटी से छोटी कार में भी एअर बैग की अनिवार्यता कर दी गई है। मगर इतने भर से सुरक्षा की गारंटी नहीं दी जा सकती। निस्संदेह भारतीय कार बाजार में प्रतिस्पर्धा बढ़ी है, कारों की खरीदारी भी बढ़ी है, सड़कें तेज रफ्तार गाड़ियों के अनुकूल बनने लगी हैं, मगर सड़क हादसों पर लगाम लगा पाना बड़ी चुनौती है। इस लिहाज से कारों में सुरक्षा मानकों का मूल्यांकन समय की मांग है। पर कार निमार्ता कंपनियों के सामने यह चुनौती होगी कि वे सुरक्षा मानकों का पालन करते हुए भी किस तरह कारों की कीमतों को सामान्य उपभोक्ता की पहुंच में बनाए रख पाती हैं। एअर बैग जैसे कुछ सुरक्षा सुविधाओं की अनिवार्यता लागू होने के बाद पिछले कुछ सालों में छोटी कारों की कीमतें भी एकदम से ऊपर चली गईं। ऐसे में अगर उनके कांच, बुनियादी ढांचे आदि की मजबूती पर खर्च बढ़ता है तो जाहिर है, उनकी कीमतें बढ़ेंगी। इसमें वे कैसे संतुलन साधती हैं, देखने की बात है।

## बन गया गठबंधन!



बन गया गठबंधन ।
करनी पक्की जीत ।।
आम चुनाव आ रहा ।
है इससे ही प्रीति ।।
हो गया ऐलान ।
है बड़ी तैयारी ।।
हुए परस्पर एकजुट ।
एक दूजे के आभारी ।।
सबका अपना गुणा गणित ।
हैं उसी पर अग्रसर ।।
है थोड़ी सी चिंता ।
और थोड़ा डर ।।
एड़ी चोटी जोर लगा कर ।
हो रहा है काम ।।
है जलपान चालू ।
त्याग दिया आराम ।।

–कृष्णेन्द्र राय

# चुनावों के दौरान हिंसा और मौतें पश्चिम बंगाल की नियति बन गई है

**योगेंद्र योगी**

पूर्व मुख्य चुनाव आयुक्त टीएन शेषन के चुनाव सुधारों के अथक प्रयासों से मिली सफलता के बावजूद पश्चिमी बंगाल देश का एकमात्र राज्य है जहां हर स्तर के चुनावों में हिंसा का तांडव जारी है। पंचायत चुनावों में इस बार 50 से अधिक लोग चुनावी हिंसा का शिकार हुए। इनमें 12 से अधिक मुस्लिम थे। आश्चर्य की बात यह है कि देश में लोकतंत्र की दुहाई देने वाले विपक्षी दलों ने अल्पसंख्यकों की हत्या पर घड़ियाली आंसू बहाना भी जरूरी नहीं समझा। यही विपक्षी दल भाजपा पर अल्पसंख्यकों पर अत्याचार सहित दूसरे आरोपों को लेकर एकजुट होने की तैयारी कर रहे हैं। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राहुल हिंसा प्रभावित मणिपुर में गए थे। किन्तु बंगाल में हुई भीषण हिंसा पर राहुल एक शब्द तक नहीं बोले। राहुल को बंगाल में पंचायत चुनाव में लोकतंत्र की हत्या दिखाई नहीं दी। बंगाल में हुई हिंसा में बड़ी संख्या में कांग्रेस के कार्यकताओं की मौत हुई है। लोकसभा में कांग्रेस के नेता अधीर रंजन चौधरी ने सिर्फ इतना ही कहा कि बंगाल में लोकतंत्र नहीं है। कांग्रेस के फायरब्रांड नेता दिग्विजय सिंह ने कहा भयानक हुआ। डराने वाला है। गौरतलब है कि कर्नाटक में विधानसभा चुनाव में भाजपा की हार के बावजूद हिंसा में एक भी मौत नहीं हुई थी।

पश्चिम बंगाल के राज्यपाल सीवी आनंद बोस ने पंचायत चुनाव में हुई हिंसा पर कहा- मैंने जमीन पर जो देखा वह बहुत परेशान करने वाला है, वहां हिंसा और हत्या हो रही हैं। एक बात जो मैंने देखी है- वह यह है कि गरीब लोग ही मारे जाते हैं, हत्यारे भी गरीब हैं... हमें गरीबी को खत्म करना चाहिए लेकिन इसके बजाय हम गरीबों को मार रहे हैं। बंगाल इसका हकदार नहीं है। भाजपा ने कहा, "अगर यह दृश्य बीजेपी शाषित राज्य में देखने को मिला होता, तो हाहाकार मच गया होता। अब राहुल गांधी कहां हैं...? वह मोहब्बत की दुकान खोलने वाले थे। राज्य सरकार ने संवेदनशील बूथ की सही संख्या नहीं दी, जितने लोग मारे गए हैं, इसमें राज्य के जिम्मेदार लोग शामिल हैं। फायरिंग, बमबारी मतपेटी को जलाया गया। ये सारे नेता, जो हाथ पकड़-पकड़ कर राज्यों में खड़े होते हैं, कहां हैं ये सारे नेता? कहां हैं लालू प्रसाद यादव, कहां हैं नीतीश कुमार और कहां हैं मोहब्बत की दुकान खोलने वाले राहुल गांधी?"



गृह मंत्रालय ने साफ कहा कि पंचायत चुनाव में उनके तैनाती वाले बूथों पर कोई हिंसा नहीं हुई है। जिन बूथों पर सीएपीएफ तैनात की गई थी, वहां कोई अप्रिय घटना/हिंसा नहीं हुई है। यदि माहौल बिगाड़ने की कोशिश की गई तो तुरंत शांति बहाल की गई। संवेदनशील बूथों पर सीएपीएफ को तैनात किया जाना चाहिए था, लेकिन संबंधित जिलों के डीएम ने केंद्रीय बलों को तैनात करने की योजना बनाई। डीएम ने जिन बूथों पर केंद्रीय बल को सुरक्षा के लिए भेजा, वहां सीएपीएफ ने व्यवस्था संभाली। बंगाल में पंचायत चुनाव का रिजल्ट आते ही हिंसा का दूसरा दौर शुरू हुआ। दक्षिण-24 परगना जिले के भंगोर में हिंसा में इंडियन सेकुलर फ्रंट के एक कार्यकर्ता की मौत हो गई तो वहीं हाथ में गोली लगने से एडिशनल एसपी बुरी तरह से घायल हो गए। पूरा मामला काउंटिंग से जुड़ा हुआ है, जहां गिनती में पहले आईएसएफ कैंडिडेट आगे चल रहा था, लेकिन बाद में वह हार गया। इसी को लेकर शुरू हुए बवाल ने धीरे-धीरे बड़ी हिंसा का रूप ले लिया।

8 जुलाई को 74 हजार पंचायतों के लिए वोटिंग हुई थी, जहां कुछ मतदान केंद्र विवादित होने पर यहां दोबारा से वोटिंग करानी पड़ी थी। चुनाव के दौरान हर बूथ पर राज्य पुलिस के अलावा चार केंद्रीय बल के जवानों की तैनाती की गई थी। पश्चिम बंगाल देश के चुनावी इतिहास में अनोखे रिकार्ड कायम कर रहा है। यह देश का ऐसा राज्य है जहां पंचायत स्तर पर चुनावी हिंसा को रोकने के लिए हाईकोर्ट के आदेश से अर्द्धसैनिक बलों की तैनाती की गई। अर्द्धसैनिक बलों की तैनाती का मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने पूरी ताकत से विरोध किया। लेकिन सुप्रीम कोर्ट से भी राहत नहीं मिल सकी। पश्चिम बंगाल में चुनावी खौफ का अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि हजारों उम्मीदवार निर्विरोध विजयी हुए। डर के मारे लोगों ने पंचायत चुनाव लड़ने का नामांकन दाखिल नहीं किया। निर्विरोध ज्यादातर तृणमूल कांग्रेस के प्रत्याशी जीते, हिंसा के डर से किसी ने नामांकन दाखिल नहीं किया। नामांकन वापस लेने की निर्धारित समय सीमा के बाद पश्चिम बंगाल राज्य चुनाव आयोग के आंकड़े पुष्टि करते हैं कि तीनों स्तरों पर 73,887 सीटों में से 7,005 सीटों पर उम्मीदवारों ने निर्विरोध जीत हासिल की है। यह कुल सीटों की संख्या का लगभग 9.48 प्रतिशत है। इनमें ज्यादातर ममता की पार्टी तृणमूल कांग्रेस के प्रत्याशी हैं। बंगाल के पंचायत चुनाव के दौरान सबसे ज्यादा हिंसा के मामले उत्तर और दक्षिण 24 परगना के अलावा मुर्शिदाबाद और कूचबिहार से सामने आए हैं। कूचबिहार में टीएमसी कार्यकताओं ने उस वक्त हद ही कर दी जब मतपेटियां तक तोड़ने के बाद उसमें पानी डाला और कुछ में आग भी लगा दी। इसके साथ ही उत्तर और दक्षिण दिनाजपुर में भी कमोवेश ऐसी ही घटनाएं देखने को मिलीं।

विधानसभा चुनाव के दौरान भी पश्चिम बंगाल में 52 लोगों की जान गई थी। इस दौरान सिर्फ बीजेपी के कार्यकताओं की ही हत्या नहीं हुई, अन्य पार्टियों के कार्यकर्ता भी इसमें शामिल थे। पश्चिम बंगाल में सीबीआई ने विधानसभा चुनाव के बाद हुई हिंसा के सिलसिले में 43 मामले दर्ज किए थे। सीबीआई ने ये मामले कलकत्ता हाईकोर्ट के आदेश के अनुपालन में दर्ज किए थे। विधानसभा और लोकसभा चुनावों के इतर पंचायत चुनावों में भी यहां की धरती पर खून की नदियां बहना आम बात रही है। साल 2013 और 2018 में गोलीबारी, बमबारी, आगजनी, पत्थरबाजी और शरीर के अंगों को काटने की कई घटनाएं दर्ज की गई थीं। आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार साल 2018 के पंचायत चुनावों में 13 लोगों की हत्या कर दी गई थी। आखिर चुनावों के दौरान बंगाल में हिंसा क्यों होती है? क्या यह पश्चिम बंगाल की नियती है या सरकारी तंत्र की विफलता। चुनाव आयोग या सरकार, किसी न किसी को इन मौतों की जिम्मेदारी लेनी होगी।

# सुभासपा के एनडीए में शामिल होने के बाद क्या अब ढीला हो जायेगा मुख्तार अंसारी के खिलाफ शिकंजा?

**अजय कुमार**

सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी (सुभासपा) भी राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) का हिस्सा बन गई है। सुभासपा के समाजवादी पार्टी से नाता तोड़कर बीजेपी के साथ आने आने से पूर्वांचल के सियासी समीकरण काफी बदल सकते हैं। सुभासपा के अध्यक्ष ओमप्रकाश राजभर जसि समाज से आते हैं, उसका पूर्वांचल में अच्छा खासा दबदबा है। ओम प्रकाश राजभर की पार्टी की मुसलमानों में भी ठीक-ठाक पकड़ है। माफिया मुख्तार अंसारी का बेटा अब्बास अंसारी पिछली बार सुहेलदेव पार्टी से ही चुनाव लड़कर विधानसभा पहुँचा था। ऐसे में लाख टके का सवाल यह है कि राजभर के बीजेपी से हाथ मिलाने के बाद क्या बाहुबली माफिया मुख्तार अंसारी के खिलाफ जो सख्ती हो रही है, उसमें कुछ कमी आ जाएगी? इसके अलावा ओम प्रकाश राजभर की पार्टी सुभासपा से विधायक मुख्तार अंसारी के बेटे अब्बास अंसारी पर भी क्या पुलिसिया



शिंकजा थोड़ा ढीला हो जाएगा? आज हर कोई इस सवाल का जवाब तलाश कर रहा है। लेकिन इस पर ना तो बीजेपी की तरफ से कोई प्रतिक्रिया आई है और ना ही ओमप्रकाश राजभर कुछ बोल रहे हैं। उधर, विपक्ष आरोप लगा रहा है कि मुख्तार अंसारी के भी पाप अब बीजेपी की वाशिंग मशीन में धुल जायेंगे क्योंकि अब वह राजग का हिस्सा हो गए हैं। 2022 के विधानसभा चुनाव में सपा मुखिया अखिलेश यादव को उत्तर प्रदेश का मुख्यमंत्री बनाने की कसम खाने वाले सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी के मुखिया ओम प्रकाश राजभर एक बार फिर भारतीय जनता पार्टी के साथ हैं। कभी बीजेपी और खास तौर से यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के खिलाफ खुली बगावत करने वाले ओम प्रकाश राजभर को तीन साल के अंदर ही बीजेपी पुनः ऐसी पार्टी लगने लगी, जिसके साथ आकर वो यूपी के शोषितों और वंचितों का भला कर सकते हैं, लेकिन क्या वाकई ओम प्रकाश राजभर का यही प्लान है। क्या सच में राजभर ने बीजेपी के साथ गठबंधन शोषितों और वंचितों की भलाई के लिए ही किया है या फिर लोकसभा चुनाव आने के साथ ही उन्हें भी अपना सियासी नफा-नुकसान दिखने लगा है, इसलिए वो बीजेपी के साथ आए हैं?

बहरहाल, सुभासपा अध्यक्ष ओमप्रकाश राजभर का बीजेपी के साथ आना कोई नया प्रयोग नहीं है। 2017 में यूपी में हुए विधानसभा चुनाव के समय भी राजभर न केवल बीजेपी के साथ थे, बल्कि योगी सरकार में मंत्री भी थे। बाद में जातिगत जनगणना जैसे कुछ मुद्दों पर उनका बीजेपी से मनमुटाव हो गया था। जिसके बाद ओमप्रकाश ने एनडीए का दामन छोड़ दिया था। वर्ष 2022 में यूपी में हुए विधानसभा चुनाव में राजभर ने सपा के अध्यक्ष अखिलेश यादव के साथ गठबंधन किया, लेकिन यूपी में दोबारा बीजेपी की सरकार बनने और आजमगढ़ जैसी संसदीय सीट से सपा के हारने के बाद वो अखिलेश यादव पर हमलावर हो गए थे। राजभर ने कहा था कि एसी कमरे में अखिलेश बैठे रहते हैं और इसी वजह से गठबंधन का ये हाल है। राजभर ने उसके बाद द्रौपदी मुर्मू को राष्ट्रपति चुनाव में जिताने के लिए अपनी सुभासपा के विधायकों का भी वोट दिलाया था।

अगर ओमप्रकाश राजभर की सुभासपा की बात करें, तो पूर्वी यूपी की तमाम सीटों पर सुभासपा का अच्छा खास दबदबा है। दोनों के साथ आने से बीजेपी को पूर्वांचल में काफी मदद मिल सकती है। वैसे चर्चा यह भी है कि ओमप्रकाश जल्द ही योगी मंत्रिमंडल में नजर आ सकते हैं ताकि लोकसभा चुनाव में राजभर का बीजेपी पूरा फायदा उठा सके। लब्बोलुआब यह है कि आज की यूज एंड थ्रो की राजनीति में असंभव कुछ भी नहीं रह गया है। नेताओं को विचारधारा से अधिक चिंता इस बात की रहती है कि किस तरह वह राजनीति और सत्ता की सीढ़ियां चढ़ सकते हैं। इसीलिए गठबंधन की सियासत काफी आसान हो गई है। इसमें नुकसान कम, फायदा ज्यादा है।


# चन्द्रयान 3 के सफल प्रक्षेपण, अंतरिक्ष में तिरंगा लहरायेगा

**विनोद तकियावाला**

विश्व के सबसे बड़े लोकतंत्र भारत की चर्चा चारों दिशाओं हो रही है। चाहे वह हमारे पड़ोसी देश चीन पाकिस्तान हो,अमेरिका,जापान हो,सभी की निगाहे हमारे वैज्ञानिकों की उपलब्धियाँ पर है।वह दिन दूर नही जब भारत विकशित देशों के सर्वश्रेष्ट श्रेणी में होगा। आज हम आप के समक्ष ऐसी घटना की चर्चा करने जा रहे है जिस पर प्रत्येक भारत वासियों को गर्व है।जी हाँ आप सही सोच रहे चाँद पर तिरंगा फहराया का वह स्वर्णिम अवशर जल्द मिलने वाला है।प्रत्येक भारतीयों के इस सपने को साकार करने के लिए हमारे वैजानिक दिन रात लगे रहते है।अब हम इरा पर में विस्तार से चर्चा करेंगें।भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने शुक्रवार (14जुलाई) की दोपहर को 2 बजकर 35 मिनट पर तीसरे चंद्रयान मिशन को लॉन्च कर दिया। इस पर इसरो चीफ प्रमुख एस सोमनाथ ने कहा कि चंद्रयान-3 एलवीएम-3एम4 रॉकेट ने चंद्रयान 3 को सटीक कक्षा में स्थापित किया है। चंद्रयान-3 अपनी 3.84 लाख किलोमीटर की लंबी यात्रा पर निकल चुका है।चंद्रयान-3 को एल वी एम3- एम4 रॉकेट 179 किलोमीटर ऊपर तक ले गया।उसके बाद उसने चंद्रयान-3 को आगे की यात्रा के लिए अंतरिक्ष में धकेल दिया।इस काम में रॉकेट को मात्र 16:15 मिनट लगे।इस बार चंद्रयान-3 को एल वी एम3 रॉकेट ने जिस ऑर्बिट में छोड़ा है। वह17036,500 किलोमीटर वाली अंडाकार जियोसिंक्रोनस ट्रांसफर ऑर्बिट है। पिछली बार चंद्रयान-2 के समय 45,575 किलोमीटर की कक्षा में भेजा गया था। इस बार यह कक्षा इसलिए चुनी गई है ताकि चंद्रयान-3 को ज्यादा स्थिरता प्रदान की जा सके।आप को बता दें कि चन्द्रयान 3 कोचंद्रमा पर पहुंचने में करीब 42 दिन लगेंगे।23-24अगस्त के बीच किसी भी समय यह चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर मैंजिनस-यू क्रेटर के पास उतरेगा। इंडियन स्पेस रिसर्च ऑर्गेनाइजेशन यानी इसरो ने शुक्रवार दोपहर 2 बजकर 35 मिनट पर चंद्रयान-3 मिशन लॉन्च किया।16 मिनट बाद चंद्रयान पृथ्वी की कक्षा में सफलतापूर्वक पहुंच गया।इस सफल लॉन्च की तारीफ देश ही नहीं,दुनियाभर में हो रही है।भारत की इस सफलता पर कई देशों ने खुशी जाहिर की।चंद्रयान-3 को आंध्र प्रदेश में श्रीहरिकोटा के सतीश धवन स्पेस सेंटर से एल वी एम 3-एम4 रॉकेट के जरिए चंद्रयान को स्पेस में भेजा गया।इसरो चीफ एस सोमनाथ ने लॉन्च के बाद कहा कि यान ने चंद्रमा की ओर अपनी यात्रा शुरू कर दी है।अगर सब कुछ प्लान के अनुसार रहा तो 23 अगस्त को शाम 5.47 बजे यह चांद पर उतरेगा। भारत ने चंद्रयान-3 को सफलतापूर्वक ऑर्बिट में लॉन्च कर दिया है।स्पेसक्राफ्ट अगस्त में चंद्रमा पर सॉफ्ट लैंडिग करने की कोशिश करेगा।अगर भारत इसमें सफल हुआ तो चांद पर कंट्रोल्ड लैंडिंग करने वाला चौथा देश बन जाएगा। मिशन के आखिरी 73 दिन 80 वैज्ञानिक अपने घर ही नहीं गए,तब लॉन्च हुआ।चंद्रयान इसरो चेयरमैन एस. सोमनाथ ने आखिरी 73 दिन में मिशन से जुड़े सभी वैज्ञानिक दिन-रात चंद्रयान-3 केअलग-अलग हिस्सों को जोड़कर ढांचा बनाने में जुटे रहे।उन्हें घर जाने का मौका इक्का दुक्का को ही मिला।आज का यह सफल लांचिग इन्हीं के समर्पण, बुद्धिमानी व मेहनत का नतीजा है।इस टीम में प्रोजेक्ट डायरेक्टर पी वीरामुत्थुवल के अलावा 29 एसोसिएट व डिप्टी डायरेक्टर थे। 55 प्रोजेक्ट मैनेजर थे।एसोसिएट डायरेक्टर कल्पना की अहम भूमिका रही। इसीलिए चंद्रयान की सफल लांचिंग के बाद वीरामुत्थुवल ने कल्पना को मंच पर ही बुला लिया,ताकि चंद्रयान-3 में अहम भूमिका निभाने वाली महिला वैज्ञानिक को सब पहचान सकें।

# विशेष संवाद : कॉन्वेंट विद्यालयों का विरोध बिंदी को या फिर हिन्दू धर्म को ?

**कॉन्वेंट विद्यालयों के स्थान पर अच्छे संस्कारों की शिक्षा देनेवाले विद्यालय चुनें ! – गौरी द्विवेदी, मुख्याध्यापिका, रुद्रप्रयाग विद्यामंदिर**



कॉन्वेंट विद्यालयों में विशिष्ट शर्तें रखकर शिक्षा दी जाती है; परंतु कॉन्वेंट विद्यालयों में शिक्षा लेनेवाले बहुतांश बच्चे हिन्दू होते हैं । कॉन्वेंट विद्यालयों में बहुतांश विद्यार्थी हिन्दू होने से शिक्षाव्यवस्था ऐसी होनी चाहिए जिसमें हिन्दू संस्कृति का अंतर्भाव हो । इसमें यदि भेदभाव हो, तो हिन्दू बच्चों के अभिभावकों को उस विद्यालय के प्रशासन से इसका उत्तर मांगना चाहिए । कॉन्वेंट में पढे विद्यार्थी हिन्दू संस्कृति से दूर जा रहे हैं । अभिभावकों को अपनी यह गलतधारणा दूर करनी होगी कि कॉन्वेंट विद्यालयों में पढा हुआ विद्यार्थी ही सफल बनेगा, अपितु उन्हें यह ध्यान में रखना चाहिए कि विद्यार्थी संस्कारी होने पर ही सफल होगा , यह ध्यान में रखना चाहिए । आधुनिक शिक्षा देने के साथ ही संस्कारों की शिक्षा देनेवाले विद्यालय ही अपने बच्चों के लिए चुनें, ऐसा आवाहन प्रयागराज (उत्तर प्रदेश) के रुद्रप्रयाग विद्यामंदिर की मुख्याध्यापिका गौरी द्विवेदी ने किया । वे हिन्दू जनजागृति समिति की ओर से कॉन्वेंट विद्यालयों का विरोध बिंदी को है या हिन्दू धर्म को ? इस विषय पर आयोजित विशेष संवाद में बोल रहे थे ।

कॉन्वेंट विद्यालयों का अल्पसंख्यक यह दर्जा निरस्त करें !

इस अवसर पर हिन्दू जनजागृति समिति के पुणे के समन्वयक श्री. नागेश जोशी बोले, झारखंड में कॉन्वेंट विद्यालय में माथे पर बिंदी लगाने से शिक्षिका ने थप्पड मारा । इस अपमान के कारण उषा कुमारी नामक हिन्दू विद्यार्थिनी ने आत्महत्या कर ली । यह प्रताडना का कोई पहला उदाहरण नहीं है । इससे पूर्व देशभर में विविध कॉन्वेंट विद्यालयों में हिन्दू विद्यार्थियों के साथ ऐसा हो रहा है। भारत स्वतंत्र होने पर हिन्दू विद्यार्थियों को विद्यालयों से अपने हिन्दू धर्म की शिक्षा देना आरंभ करना चाहिए था; परंतु ऐसा नहीं हुआ। आज अनेक कॉन्वेंट विद्यालयों से केवल ईसाई पंथ की शिक्षा दी जाती है। हिन्दू धर्म पर टीका-टिप्पणी की जाती है। इन कॉन्वेंट विद्यालयों से भी हिन्दू विद्यार्थियों के धर्मांतर का प्रयत्न किया जाता है। अतः कॉन्वेंट विद्यालय भी हिन्दुओं के धर्मांतर के केंद्र हो रहे हैं । बहुतांश कॉन्वेंट विद्यालयों में 50 प्रतिशत से भी अधिक हिन्दू विद्यार्थी पढते हैं । इसलिए कॉन्वेंट विद्यालयों का अल्पसंख्यक दर्जा सरकार को निरस्त कर देना चाहिए।

धोरी, झारखंड में कस्तूरबा विद्यानिकेतन की संयुक्त अध्यक्ष डॉ. पूजा बोलीं, कॉन्वेंट विद्यालयों में पढे विद्यार्थी विदेशी संस्कृति का अनुकरण करते हैं । ऐसा देखा गया है कि कॉन्वेंट विद्यालयों में पढनेवाले बच्चे निराशा की बलि चढ जाते हैं । कॉन्वेंट विद्यालयों में जानेवाले बच्चे अपनी भारतीय संस्कृति भूल जाते हैं; इसके विपरीत सनातन हिन्दू धर्म की शिक्षा एवं आचरण करने से वे आत्मबल से युक्त होते हैं । ऐसे बच्चे निराशा के शिकार नहीं होते । यह ध्यान में रखना चाहिए । कॉन्वेंट के अतिरिक्त अनेक विद्यालयों में अंग्रेजी भाषा भी अच्छी सिखाई जाती है । हमारे देश के विद्याभारती विद्यालयों में ये प्रयत्न शुरू हैं ।

# जिले में 20 एएनएम कार्यकत्रियों को दिया गया नियुक्ति पत्र, कार्यकत्रियों के खिले चेहरे

प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। निष्पक्ष एवं पारदर्शी चयन प्रक्रिया के अन्तर्गत उ0प्र0 अधीनस्थ चयन सेवा आयोग द्वारा चयनित एएनएम को नियुक्ति पत्र वितरण मुख्यमंत्री उ0प्र0 योगी आदित्यनाथ द्वारा लोक भवन लखनऊ से किया गया जिसका लाइव प्रसारण मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय सभागार में भाजपा अध्यक्ष भानु प्रताप सिंह, उपाध्यक्ष भाजपा अखिलेश सिंह, की उपस्थिति में लाइव प्रसारण दिखाया गया। इस अवसर पर प्रदेश में 1573 एवं जनपद गाजीपुर के 20 एएनएम कार्यकत्रियों को नियुक्ति पत्र दिया गया। नियुक्ति पत्र वितरण कार्यक्रम के अवसर पर मुख्य अतिथि ने उ0प्र0 अधीनस्थ चयन सेवा आयोग द्वारा चयनित 20 एएनएम कार्यकत्रियों को बधाई देते उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की । उन्होने कहा कि आज मुख्यमंत्री द्वारा नियुक्ति पत्र का वितरण किया गया है। इसके साथ ही समस्त



जनपदों में जनप्रतिनिधियों द्वारा नियुक्ति पत्र दिया जा रहा है। आज आपकी खुशी में मुख्यमंत्री जी भी सम्मिलित हो रहे है। हमारा प्रदेश विकास के पथ पर अग्रसर है। 2014 के बाद हमारा जनपद एक विकसित जनपद के रूप में आगे बढा है। आज आप लोगो को नियुक्ति पत्र मिला है आप लोग पूरी निष्ठा एवं अपने कर्तव्य का पालन करते हुए मानव समाज हित में सेवा भाव से कार्य करे तथा लोगो को स्वास्थ्य सम्बन्धित परेशानियों का निस्तारण प्राथमिकता पर कराये। उन्होने कहा कि कोरोना के दौरान पूरा विश्व ठहर गया था उस समय प्रधानमंत्री भारत सरकार नरेन्द्र मोदी एवं मुख्यमंत्री उ0प्र0 योगी आदित्य नाथ के कार्यकाल में अच्छा कार्य किया गया जिसका विश्व स्वास्थ्य संगठन द्वारा भी सराहना की गयी थी। नियुक्ति पत्र पाकर नव नियुक्त एएनएम स्वास्थ्य कार्यकत्रियों के चेहरे खिल उठे उन्होने नियुक्ति पत्र पाकर प्रदेश सरकार व मुख्य मंत्री उ0प्र0 की प्रशंसा की व आभार व्यक्त किया। सभी ने ईमानदारी व कर्तव्य निष्ठा से अपने दायित्वो का निर्वहन करने का प्रण भी लिया। इस अवसर पर अच्छे लाल गुप्ता, व उपाध्यक्ष भाजपा अखिलेश सिंह , मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ देश दीपक पाल ने चयनित ए.एन.एम. को बधाई दी एंव उनके कर्तव्य पालन का बोध कराया। इस अवसर पर उपरोक्त के अतिरिक्त अपर मुख्य चिकित्साधिकारी, डीपीएम, अन्य संबधित अधिकारीगण एवं एएनएम आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन डीपीएम प्रभुनाथ जी ने किया।

## आरएसएस प्रमुख के आगमन की तैयारी जोरों पर, एफडीआर तकनीकी से बन रही सड़क



प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के सरसंघचालक डा. मोहन भागवत के सिद्धपीठ हथियाराम मठ पर बुधवार 19 जुलाई के आगमन को लेकर मंगलवार को मठ परिसर में रंगाई पुताई, सौंदर्यीकरण आदि का कार्य अंतिम चरण में रहा। आरएसएस प्रमुख के आगमन के मद्देनजर जिलाधिकारी आर्यका अखौरी एवं पुलिस अधीक्षक ओमवीर सिंह ने भी रविवार को मठ तक जाने वाली सडकों और सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया था। इस कड़ी में डीएम ने रायपुर-डाही मार्ग एवं बुढानपुर से जखनियां तक के जर्जर सड़क का तत्काल मरम्मत करने का निर्देश दिया था। सोमवार को दर्जनों मजदूर सड़क मरम्त के कार्य में जूटे रहे। ग्रामीण अभियंत्रण विभाग के अवर अभियंता दीपक तिवारी के मुताबिक 8.8 किमी लम्बी इस सड़क पर करीब 11 लाख की लागत से आधुनिक तकनीक फुल डेप्थ रेक्लेमेशन तकनीक यानी एफडीआर के जरिए प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत निर्माण कराया जा रहा है। इस तकनीक से बनी सड़क मजबूत और टिकाऊ रहती है।

## संक्षिप्त खबरें

### 52वीं सुब्रतो कप फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन 19 से केवी 39 जीटीसी में!




प्रखर वाराणसी। 19 जुलाई से 21 जुलाई तक चलने वाली 52वीं सुब्रतो कप फुटबॉल प्रतियोगिता का आगाज 19 जुलाई से होगा। बता दें कि केंद्रीय विद्यालय वाराणसी संभाग के केंद्रीय विद्यालयों के अंडर 17 की 9 टीमें व अंडर 14 की 6 टीमें इस प्रतियोगिता में भाग लेंगी। कार्यक्रम का उद्घाटन 19 को 8.30 बजे सुबह मुख्य अतिथि कर्नल पी के दास कमान अधिकारी सैन्य अस्पताल वाराणसी कैंट द्वारा किया जायेगा। बताते चले कि प्रतियोगिता में एक दिन में 8 मैच खेले जाएंगे। जिसमे केवी मऊ ,गोरखपुर, एफसीआई गोरखपुर, बीएचयू, प्रयागराज , न्यू कैंट प्रयागराज, गाजीपुर आजमगढ व वाराणसी की टीमें प्रतिभाग करेंगी।

### बिरनों पुलिस ने किया तमंचा व कारतूस संग एक अभियुक्त को गिरफ्तार



प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। पुलिस अधीक्षक के आदेशानुसार व अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण व क्षेत्राधिकारी कासिमाबाद के कुशल मार्गदर्शन में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत मंगलवार को उप निरीक्षक मुन्नालाल शर्मा मय हमराह के मुखबिर खास सूचना पर अभियुक्त फिरोज कुरैशी पुत्र रफुल्ली निवासी ग्राम वार्ड नं0 01 थाना जंगीपुर जनपद-गाजीपुर के कब्जे से एक अदद देशी तमंचा .315 बोर व एक अदद जिन्दा कारतूस .315 बोर बरामद हुआ । अभियुक्त उपरोक्त को कारण गिरफ्तारी बताते हुये हिरासत पुलिस में लिया गया । थाना स्थानीय पर अभियुक्त उपरोक्त के विरुद्ध मु0अ0सं0 85/23 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट पंजीकृत कर अन्य विधिक कार्यवाही थाना बिरनो पुलिस द्वारा जारी है । गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में उप निरीक्षक मुन्नालाल शर्मा थाना करीमुद्दीनपुर, कांस्टेबल रमन सिंह थाना करीमुद्दीनपुर, कांस्टेबल अभिषेक कुमार थाना करीमुद्दीनपुर जनपद गाजीपुर।

### शिक्षक कमलेश व कुमुद को राष्ट्रीय सम्मान



प्रखर वाराणसी। वाराणसी जनपद के दो शिक्षकों पिंडरा ब्लाक के कमलेश कुमार पाण्डेय एवं आराजीलाइन ब्लॉक की कुमुद को संत पाल सिंह राठौड़ स्मृति राष्ट्रीय उत्कृष्ट शिक्षक सम्मान ऑनलाइन प्रदान किया गया। पिंडरा ब्लॉक के उच्च प्राथमिक विद्यालय रमईपट्टी के शिक्षक कमलेश ने बताया कि राष्ट्रीय उत्कृष्ट शिक्षक सम्मान के लिए पूरे देश के शिक्षकों से ऑनलाइन आवेदन मांगे गए थे। निर्णायक मंडल को कुल 300 प्रविष्टियां प्राप्त हुई थी।निर्णायक मंडल ने गहन जाँच के बाद इसमें से कुल 125 शिक्षकों का चयन उनके कार्यों एवं उपलब्धियों के आधार पर किया। इन्हीं शिक्षकों के सम्मान हेतु शनिवार को बदायूं में सम्मान समारोह का आयोजन हुआ।कार्यक्रम में पूर्व कमिश्नर दिनेश कुमार सिंह, सांसद धर्मेंद्र कश्यप व विशिष्ट अतिथि संयुक्त शिक्षा निदेशक युवा कल्याण विभाग भारत सरकार दिनेश यादव आदि उपस्थित रहे। जिसमे मेरे अलावा आराजी लाइन ब्लाक के प्राथमिक विद्यालय परमन्दापुर की शिक्षिका कुमुद को भी सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का आयोजन प्रताप सिंह राठौर द्वारा किया गया।

### तहसीन अहमद ने घोषित किया सपा की सदर विधानसभा कार्यकारिणी की सूची

प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। मंगलवार को समाजवादी पार्टी के सदर विधानसभा अध्यक्ष तहसीन अहमद ने राष्ट्रीय अध्यक्ष माननीय अखिलेश यादव एवं प्रदेश अध्यक्ष माननीय नरेश उत्तम पटेल की संस्तुति एवं जिलाध्यक्ष गोपाल यादव की अनुमति से सदर विधानसभा की कार्यकारिणी घोषित किया। सदर विधानसभा के अध्यक्ष तहसीन अहमद ने कार्यकारिणी घोषित करते हुए कहा कि कार्यकारिणी में सभी जाति एवं धर्म के लोगो को शामिल किया गया है। उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी सर्वसमाज की पार्टी है, इस पार्टी में सभी का सम्मान है। सदर विधानसभा की कार्यकारिणी के अनुसार अध्यक्ष तहसीन अहमद, उपाध्यक्ष-प्रभुनाथ राम,कमलेश बिंद, सुभाष यादव, रामदरश आदिवंशी,अभिनव सिंह, महासचिव-अंजनी कुमार गौरव, कोषाध्यक्ष-मनोज यादव, सचिव-नितिश खरवार, सुशील यादव, त्रिवेणी चौहान, अमन जायसवाल, केदार पाल, अजय श्रीवास्तव, खुरम अली, धर्मवीर यादव तथा कार्यकारिणी सदस्य -हरिहर चौहान, धीरेन्द्र कुमार धीरू,विजय बहादुर पांडे,उपेन्द्र गोड़,संजय पाल, सतेन्द्र बिंद, हीरा लाल बिंद, जसवन्त यादव, मुन्ना कुशवाहा, बख्तियार अहमद, केशनाथ फांसी, रेहान इकबाल सन्नी, सूरज खरवार, प्यारे लाल कन्नौजिया, सिंकदर चौधरी ।

### राशन वितरण में रोस्टर का हो शत प्रतिशत अनुपालन : डीएम

बलिया। राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा योजनान्तर्गत जिला स्तरीय सतर्कता समिति की बैठक जिलाधिकारी रवीन्द्र कुमार की अध्यक्षता में सोमवार को कलेक्ट्रेट सभागार में हुई। जिलाधिकारी ने राशन वितरण की पूरी प्रक्रिया के बारे में जानकारी ली और जरूरी दिशा निर्देश दिये। कहा कि राशन वितरण के सम्बन्ध में जारी रोस्टर का पूरी तरह अनुपालन हो। दुकान तक राशन पहुंचाने की प्रक्रिया की कड़ी निगरानी हो। दुकानों पर सत्यापन की कार्यवाही भी हो। डीएसओ रामजतन यादव ने बताया कि हर माह की 11 तारीख से वितरण शुरू होकर 20 तक वितरण कर लिया जाता है। एप्लीकेशन के जरिए उठान व दुकानों पर प्राप्ति पर ऑनलाईन निगरानी रखी जाती है। जिलाधिकारी ने कहा कि ग्राम व ब्लॉक स्तर पर भी गठित सतर्कता समिति की बैठक समय-समय पर कराई जाती रहे। एफसीआई गोदाम से फोटीर्फाइड चावल ही आए, यह सुनिश्चित किया जाए। एमडीएम खाद्यान्न में बच्चों को दिये जाने वाले खाद्यान्न मानक की जानकारी ली। कहा कि हर तीन माह पर बिल प्रस्तुत किया जाए। जिला कार्यक्रम अधिकारी को निर्देश दिया कि आंगनबाड़ी केंद्र के जरिए वितरण होने वाले पोषाहार पर भी लगातार निगरानी रखें।

## आँखों के संक्रमण से जनता परेशान

प्रखर थानागद्दी जौनपुर। उमस भरी गर्मी के साथ बारिश के मौसम मे आँखों मे बैक्टिंरीया, वाइरस एयर फंगल का संक्रमण तेजी से बढ़ रहा हैं। ग्रामीण क्षेत्र मे गाँव के गाँव मे परिवार का कोई न कोई सदस्य आँख लाल होने के साथ साथ गड़ने की बीमारी से ग्रसित दिखाई पड़ रहा हैं, कही कही तो पूरा परिवार ही संक्रमण की चपेट मे आप गये हैं। संक्रमित व्यक्ति का लक्षण मुख्य रूप से आँखों का लाल होना, आंख मे चुभन होना, आंख से पानी आना, आँखोंबके पलको का आपस मे एक दूसरे से चिपका जाना और आँखों मे दर्द होने, आँखों से कीचड़ आना बैक्टीरियल संक्रमण के पहचान हैं। जबकि वायरल संक्रमण मे आँखों से पानी अधिक गिरता हैं। इस संबंध मे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रेहटी पर तैनात नेत्र परिक्षण अधिकारी दिनेश कुमार सिंह ने बताया की इस समय संक्रमण तेजी से बढ़ रहा हैं कही कही तो पूरा परिवार ही संक्रमित हों चूका हैं ऐसे मे हमें संक्रमण को रोकने के लिये पहले संक्रमित व्यक्ति से दुरी बना के रहना चाहिए। ऐसे लोगो से हाथ नहीं मिलाना चाहिए,क्युकी संक्रमण कें तेजी से बढ़ने की उम्मीद रहती हैं. ऐसे व्यक्ति को थोड़ा दूर रखना चाहिए और दैनिक उपयोग की सामग्री को और सदस्यो से अलग रखना चाहिए। आँखों की धुलाई करने के बाद ब्राड स्पेक्ट्रम एंटीबायटीक आई ड्राप एंटी एलर्जीक का इस्तमाल करना चाहिए। एक दो दिन मे आराम न मिलने पर डाक्टर को दिखा कर सलाह उपरांत दवा उपयोग करना चाहिए।

### जेएनसीयू में एनईपी और नॉन एनईपी की हो रही नकल विहीन परीक्षा

बलिया। जननायक चंद्रशेखर विश्वविद्यालय परिसर में कुलपति प्रोफेसर संजीत कुमार गुप्ता के संरक्षण और कुलसचिव/ परीक्षा नियंत्रक एस. एल. पाल की निगरानी में 2022-23 की एन ई पी और नॉन एन ई पी की परीक्षा नकल विहीन हो रही है। केंद्राध्यक्ष/ निदेशक शैक्षणिक डॉ पुष्पा मिश्रा ने बताया कि सम सेमेस्टर परीक्षाओं की परीक्षा 10 जुलाई से प्रारंभ हो चुकी है और 10 अगस्त तक होंगी। ये परीक्षाएं दो पालियों प्रातः 08- 11 बजे तथा अपराह्व 02- 05 बजे में आयोजित है । उन्होंने बताया कि आंतरिक सचल दल द्वारा परीक्षार्थियों को गहन जांच के बाद परीक्षा हॉल में प्रवेश दिया जाता है।

## जिला ओलंपिक टेबल टेनिस टूर्नामेंट में अनोखी का अद्भुत प्रदर्शन, अनाया मनीष और सृष्टि को उभरते हुए खिलाड़ी की उपाधि से नवाजा गया

प्रखर पूर्वान्चल वाराणसी। सनबीम स्कूल अन्नपूर्णा ने टेबल टेनिस जिला ओलंपिक के समापन समारोह का आयोजन किया, जिसमें मुख्य अतिथि हर्ष मधोक, सनबीम स्कूल शैक्षणिक संस्थान के मानद निदेशक और श्रीमती मनीषा रानी समन्वयक, जिला ओलम्पिक खेल वाराणसी उपस्थित रहे` दिन में फाइनल और सेमीफाइनल मैच हुए जिसमें जिले भर के खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट खेल कला का प्रदर्शन किया समारोह में टेबल टेनिस एसोसिएशन के गणमान्य व्यक्तियों को सम्मानित करने के पश्चात श्री हर्ष मधोक, ममता जायसवाल, सरिता गोकर्ण और मनीषा रानी ने विभिन्न श्रेणियों के तहत प्रथम, द्वितीय और तृतीय पुरस्कार विजेताओं को पुरस्कृत किया कुछ प्रमुख पुरस्कार विजेताओं के नाम इस



प्रकार हैं -

टूनार्मेंट के उभरते हुए खिलाड़ी - अनाया मनीष सिंह`

टूनार्मेंट की सबसे युवा खिलाड़ी - सृष्टि सिंह`

टूनार्मेंट का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शनकर्ता - तरूण कुमार`

टूनार्मेंट की चैंपियन - अनोखी केशरी`

यूटीटी प्रथम पैरा टेबल टेनिस रैंकिंग टूनार्मेंट 2023-24 कांस्य पदक विजेता - प्रियांशी केशरी`

सनबीम स्कूल अन्नपूर्णा धन्यवाद देता है सभी खिलाड़ियों और समर्थकों को जिनके सहयोग से टेबल टेनिस जिला ओलंपिक को यादगार बनाया गया` स्कूल खेल को प्रोत्साहन और युवा प्रतिभा को संवर्धित करने में निष्ठावान रहने की पुनः पुष्टि करता है।

## विकास कार्यों में खर्च रकम का भुगतान न होने से ग्राम प्रधान ने किया आत्मदाह का प्रयास

प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। खंड विकास मनिहारी के विकास कार्यों में खर्च रकम का भुगतान न होने से नाराज प्रधानों ने मंगलवार को खण्ड विकास परिसर में धरना दिया। प्रधानों ने बताया कि मंगलवार को ग्राम पंचायत में मनरेगा से कराए गए विकास कार्यों का भुगतान होना था, लेकिन खण्ड विकास अधिकारी के हीला हवाली के चलते भुगतान नहीं हो रहा है। उल्लेखनीय है कि सोमवार को मनरेगा योजना से किए गए विकास कार्यों के मजदूरों के मजदूरी का भुगतान होना था। जिसे खण्ड विकास अधिकारी अनुराग राय द्वारा नहीं किया गया। फिर मंगलवार को ग्राम पंचायतों में कराए गए पक्के कार्यों का भुगतान होना था। लेकिन खण्ड विकास अधिकारी द्वारा फिर डोंगल नहीं लगाए जाने से नाराज दर्जनों ग्राम प्रधानों ब्लाक परिसर में धरने पर बैठ गए। वहीं हंसराजपुर के ग्राम प्रधान ज्ञानेंद्र गुप्ता ने अपने शरीर पर ज्वलनशील पदार्थ गिराकर



आत्मदाह करने की कोशिश की जिसे मौके पर पुलिस ने पकड़कर विफल कर दिया। मौके पर पहुंचे उपजिलाधिकारी जखनियां कमलेश कुमार सिंह एवं क्षेत्राधिकारी भुड़कुड़ा रविन्द्र वर्मा व डीसी मनरेगा ने ग्राम प्रधानों एवं उच्च अधिकारियों से वार्ता कर भुगतान कराने का आश्वासन दिया और धरना समाप्त कराया। शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए कई थानों की पुलिस मौके पर बुलाई गई थी। इस मौके पर प्रधान संघ अध्यक्ष राकेश सिंह अंशु, जयप्रकाश यादव, अरविंद यादव, अखिलेश यादव, प्रेमचन्द्र यादव, रविन्द्र कुमार यादव, अरबिंद यादव उर्फ नन्हे, ज्ञानेन्द्र गुप्ता, संजय यादव,गुड्डू कश्यप, अनिल,आदि मौजूद रहे।

### गंगा-जमुनी तहजीब को कायम रखना हम सबकी नैतिक जिम्मेदारी : आईजी

बलिया। सिकंदरपुर नगर में निकलने वाले मातमी पर्व मोहर्रम जुलूस को सकुशल सम्पन्न कराने के उद्देश्य से आईजी अखिलेश कुमार व पुलिस अधीक्षक एस आनन्द ने सोमवार को स्थानीय पुलिस चौकी के प्रांगण में शांति समिति के सदस्यों, अखाड़ेदारो व नगर के वरिष्ठ नागरिकों के साथ बैठक की।बैठक को अपने सम्बोधन में आईजी ने सभी से शांतिपूर्ण तरीके से जुलूस को सम्पन्न कराने का आह्वान किया। साथ ही अपना रुख स्पष्ट करते हुए कहा कि यदि किसी ने शांति व्यवस्था में तनिक भी बाधा डालने की कोशिश की तो हर स्तर की कार्रवाई करने को पुलिस प्रशासन तैयार है। उन्होंने कहा कि गंगा-जमुनी तहजीब को कायम रखना हम सबकी नैतिक जिम्मेदारी है। कहा कि किसी के द्वारा छोटी सी भी गड़बड़ी करने की कोशिश की गयी तो बिना किसी राजनीतिक हस्तक्षेप के दोषी के ऊपर कठोर कार्रवाई होगी। लेकिन ऐसा प्रयास हो कि इसकी जरूरत ही नहीं आए।

### पंडित राम प्रवेश चौबे इंटर कॉलेज के एलकेजी से पांचवीं क्लास तक के सैकड़ों बच्चों को नि:शुल्क ड्रेस का किया गया वितरण

प्रखर पूर्वान्चल वाराणसी। प्रसिद्ध समाजसेवी पूर्व ब्लाक प्रमुख चोलापुर पंडित सतीश चौबे जी के 51वे शादी के सालगिरह के अवसर पर उनकी धर्मपत्नी स्वर्गीय उर्मिला चौबे की याद में उर्मिला मेमोरियल चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा पंडित राम प्रवेश चौबे इंटर कॉलेज बाबतपुर नियार वाराणसी के क्लास एलकेजी से पांचवीं क्लास तक के सैकड़ों बच्चों को निःशुल्क ड्रेस वितरण किया गया` उक्त अवसर पर श्री चौबे ने कहा कि जब भी विद्यालय परिवार या समाज में किसी भी को किसी तरह की जरूरत पड़ेगी तो उर्मिला मेमोरियल चैरिटेबल ट्रस्ट के द्वारा निश्चित तौर पर उनकी मदद संस्था करती रहेगी उक्त अवसर पर बच्चों



के साथ उनके गार्जियन भी मौजूद रहे` प्रमुख रूप से प्राचार्य डॉ पीके दुबे, प्रिंसिपल अभिलाषा चौबे, दिलीप चौबे, संजय पांडे, मनीष चौबे, धनंजय चौबे, रिचा मिश्रा, बंदना सिंह, गणेश चौबे, अरुण पांडे, रिचा चौबे, उषा यादव, मुक्ति नारायण चौबे ,कविता सिंह इत्यादि दर्जनों लोग उपस्थित रहे।

## शाह फैज स्कूल का समारोहपूर्वक मना 38वां स्थापना दिवस

प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। मंगलवार को शाह फैज विद्यालय के प्रांगण में 38वां स्थापना दिवस मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि गाजीपुर जिले के कप्तान ओमवीर सिंह का स्वागत विद्यालय के निदेशक द्वारा बुके देकर किया गया। मुख्य अतिथि का स्वागत के पश्चात स्काउट और गाइड के छात्र-छात्राओं ने मुख्य अतिथि को सलामी दी। कार्यक्रम की शुरूआत दीप प्रज्ज्वलन से हुयी उसके पश्चात छात्र छात्राओं द्वारा स्वागत गीत से मुख्य अतिथि का स्वागत किया गया। विद्यालय के निदेशक डॉ नदीम अधमी ने अपने स्वागत भाषण में मुख्य अतिथि को अपना बहुमूल्य समय देने पर आभार व्यक्त किया। उन्होंने बताया कि इस वर्ष का स्थापना दिवस 'पेड़ लगाओ पेड़ बचाओ पर आधारित है। हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी सीबीएसई परीक्षा 2022-23 में जिले व विद्यालय में अव्वल स्थान प्राप्त करने वाले छात्र छात्राओं को सम्मानित किया गया जिसमे कक्षा बारहवीं के विद्यालय टॉपर प्रतीक तिवारी को 2000 रुपये की राशि स्वर्ण पदक, एक कलाई घड़ी, प्रशस्ति पत्र तथा द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाली रिफत शोएब को रुपये की राशि स्वर्ण पदक, प्रशस्ति पत्र व दो वर्षों के लिए निःशुल्क शिक्षा प्रदान करने की घोषणा की गयी तथा विद्यालय में द्वितीय स्थान प्राप्त मानसी पटेल को 1000 रुपये



1000/- रुपये की राशि कलाई घड़ी एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया। इसी क्रम में कक्षा दसवीं में जिले में अव्वल स्थान प्राप्त करने वाली सुहानी सहाय को 2000/- की राशि, प्रशस्ति पत्र एवं दो वर्ष के लिए अर्ध शुल्क माफ करने की घोषणा की गयी। छात्र-छात्राओं को प्रोत्साहित करने के लिए 95% व उससे अधिक अंक प्राप्त करने वाले छात्र छात्राओं को भी प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। हमारा विद्यालय छात्र छात्राओं में हमेशा अच्छे संस्कार डालता है और उनको अपने पर्यावरण के प्रति जागरूक करता है। पृथ्वी पर जीवन बनाए रखने के लिए हमें पर्यावरण की शुद्धता को बनाए रखना होगा, क्योंकि पूरे ब्रम्हांड में बस पृथ्वी पर ही जीवन है और इसके लिए यह बहुत जरूरी है कि अपनी पृथ्वी को हरा भरा रखा जाये। आज जिस तरह के प्राकृतिक असंतुलन व मौसम में बदलाव देख रहे हैं यह वाकई में चिंता का विषय है। इसीलिए विद्यालय ने इस वर्ष प्रत्येक छात्र छात्राओं में लगभग 2500 पौधों का वितरण किया और निदेशक महोदय ने उनसे अपील की कि केवल पौधा लगाना ही नहीं है बल्कि उसकी देखभाल भी करनी है। मुख्य अतिथि ने अपने भाषण में कहा कि अच्छी शिक्षा का होना अत्यंत ही आवश्यक है और शाह फैज विद्यालय ने आज के इस बाजारीकरण के समय में शिक्षा के मूल्यों को जीवित रखे हुए है, यह अत्यंत ही सराहनीय है। उन्होंने सभी से यातायात के नियमों के पालन करने, हेलमेट पहनने व साइबर क्राइम से बचने के लिए अपील की। विद्यालय की तरफ से मुख्य अतिथि को स्मृति चिन्ह प्रदान किया गया। मुख्य अतिथि, निदेशक, मैनेजर एवं उप निदेशक द्वारा विद्यालय से प्रत्येक वर्ष निकलने वाली पत्रिका फ्रेग्रेन्स' का विमोचन भी किया गया। विद्यालय के उप निदेशक समीर अधमी ने कहा कि शिक्षा का मुख्य उद्देश्य सेवा है और हमारा विद्यालय इसके लिए निरंतर प्रयत्नशील है, साथ ही उन्होंने कार्यक्रम में उपस्थित सभी का धन्यवाद किया। कार्यक्रम का सञ्चालन विद्यालय की को-ऑर्डिनेटर नेहा कुरैशी ने किया। कार्यक्रम में विद्यालय के संगीत के अध्यापक श्याम कुमार शर्मा एवं छात्र छात्राओं द्वारा विद्यालय गीत प्रस्तुत किया गया।


इस कार्यक्रम में विद्यालय के निदेशक डॉ नदीम अधमी, उप निदेशक समीर अधमी, मैनेजमेन्ट कमेटी के अध्यक्ष मजहर हुसेन, मैनेजर अतिया अधमी व सदस्यों में सरदार दर्शन सिंह, साद फारूकी काज़िम जलाली, विद्यालय के प्राचार्य इकरामुल हक, उप प्राचार्य डॉ प्रीति उपाध्याय तथा सभी शैक्षणिक व गैर शैक्षणिक कर्मचारी उपस्थित थे। कार्यक्रम का समापन राष्ट्र ज्ञान से किया गया।

Entertainment News




## विक्की कौशल ने किया रोमांटिक अंदाज में कटरीना कैफ को विश

**बॉलीवुड** स्टार कटरीना कैफ के 40वें बर्थडे के सेलिब्रेशन के जश्न को और खास बनाने के लिए उनके पति विक्की कौशल ने एक बेहद खास प्लानिंग की थी। अदाकारा को एक्टर विक्की कौशल उनके बर्थडे के लिए खासतौर पर वेकेशन के लिए लेकर निकले। जहां अदाकारा कटरीना कैफ और विक्की कौशल रोमांटिक अंदाज में अदाकारा के 40वें बर्थडे के जश्न को मनाते दिखे। फिल्म स्टार विक्की कौशल ने हाल ही में अपनी पत्नी के बर्थडे सेलिब्रेशन की एक झलक तस्वीरों के साथ दिखाई है। ये तस्वीरें शेयर कर एक्टर ने लिखा, रोजाना तुम्हारे जादू में गुम... हैप्पी बर्थडे मेरा प्यार। विक्की कौशल और कटरीना कैफ की ये तस्वीरें अब आते ही इंस्टाग्राम पर छाने लगीं। एक्ट्रेस ने इस दौरान बेहद खूबसूरत यैलो कलर की ड्रेस पहनी हैं। जो उन पर काफी खिल रही है। जबकि, विक्की कौशल स्काई ब्लू शर्ट में नजर आए। इन तस्वीरों पर कई फिल्मी सितारों ने भी अपना प्यार लुटाया है।



## ना रणवीर-ना रणबीर, दीपिका को इस एक्टर पर था क्रश

**बॉलीवुड** एक्ट्रेस दीपिका पादुकोण अपने कमाल की अदाकारी और पर्सनल लाइफ को लेकर अक्सर ही सुर्खियों का हिस्सा रहती हैं। दीपिका पादुकोण भले आज रणवीर सिंह से शादी कर चुकी हैं लेकिन एक समय पर एक्ट्रेस का नाम क्रिकेटर से लेकर एक्टर्स संग जुड़ा है, लेकिन क्या आप जानते हैं दीपिका पादुकोण को अपने पहले बॉलीवुड को-स्टार पर क्रश रहा है। जी हां...दीपिका पादुकोण ने खुद इस बारे में एक इंटरव्यू में खुलासा किया था कि उन्हें अर्जुन रामपाल पर क्रश रहा है। एक्ट्रेस दीपिका पादुकोण के एक पुराने इंटरव्यू का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। जहां एक्ट्रेस से सवाल किया जा रहा है कि क्या ओम शांति ओम में वह हिंसा वाले सीन्स शूट करना आपके लिए मुश्किल रहा। जिसपर दीपिका पादुकोण जवाब देती हैं- मैं यह फैक्ट पचा ही नहीं पा रही थी कि अर्जुन मेरे साथ ऐसा कुछ कर सकते हैं क्योंकि मैंने अब तक उनके जैसे मोस्ट गुड लुकिंग आदमी नहीं देखा था और मेरा उन पर बड़ा क्रश रहा है। तो किसी चीज से ज्यादा शूटिंग के दौरान मैं उन्हीं को देखती रहती थी..।



## इलियाना ने दिखाया ब्वॉयफ्रेंड का चेहरा

**बॉलीवुड** फिल्मों की मशहूर एक्ट्रेस इलियाना डिक्रूज ने इंस्टा स्टोरी पर मिस्ट्रीमैन के साथ डेटनाइट की फोटो शेयर की है। कहा जा रहा है कि यही उनके होने वाले बच्चे के पिता हैं। बता दें कि पिछले 1 वर्ष से अनुमान लगाए जा रहे थे कि इलियाना कैटरीना कैफ के भाई सेबेस्टियन के साथ डेट कर रही हैं। सुगबुगाहट थी कि वह उनके बच्चे के पिता हो सकते हैं। हालांकि अब कैटरीना के जन्मदिन के एक वर्ष बाद उन्होंने एक ऐसी फोटो पोस्ट की है जिससे लोगों के सारे कयास फेल हो गए। इलियान डिक्रूज अपने पहले बच्चे को जन्म देने वाली हैं। अब पहली बार उन्होंने चेहरे की फोटो भी पोस्ट की है। आपको बता दें कि इलियाना ने इंस्टा स्टोरी पर एक व्यक्ति के साथ फोटोज शेयर कीं। पहली तस्वीर मे वह उसके कंधे पर सिर रखे नजर आ रही हैं। बाकी फोटोज में दोनों खुश दिखाई दे रहे हैं। इलियाना ने तस्वीर के साथ हार्ट इमोजी बनाकर डेट नाइट लिखा है। चर्चा तेज है कि यही उनके बच्चे के पिता हैं। पहले उन्होंने अपने पार्टनर के हाथ की फोटो पोस्ट की थी। फिर एक ब्लर सी फोटो थी। इसके साथ एक प्रेग्नेंसी नोट भी था। इसमें लिखा था कि प्रेग्नेंट होना बहुत खूबसूरत आशीर्वाद है। इलियाना ने लिखा था कि वह स्वयं को भाग्यशाली मानती हैं। अब फ्रंट फोटो देखकर माना जा रहा है कि यह वही शख्स है जिसकी तस्वीरें इलियाना इतने दिनों से पोस्ट कर रही थीं।

Bollywood Update



बॉलीवुड स्टार्स का फिल्म इंडस्ट्री में अपना करियर बनाना बेहद आम बात है। ऐसे में इस साल कई स्टारकिड्स बॉलीवुड में अपनी किस्मत आजमाने जा रहे हैं।

# 2023 में ये स्टारकिड्स स्क्रीन पर मचाएंगे धमाल

**सुहाना खान**
शाहरुख खान की बेटी सुहाना खान इस साल जोया अख्तर के



निर्देशन में बनने वाली फिल्म द आर्चीज से बॉलीवुड में एंट्री करने जा रही हैं।

**खुशी कपूर**
बोनी कपूर और श्रीदेवी की छोटी



बेटी खुशी कपूर भी इसी साल जोया अख्तर की वेबी सीरीज द आर्चीज से इंडस्ट्री में कदम रखने जा रही हैं।

**सैफ अली खान के लाडले**
काजोल और पृथ्वीराज सुकुमारन स्टारर फिल्म सरजमीन सैफ अली खान के लाडले इब्राहिम अली खान भी बॉलीवुड में कदम रखने जा रहे हैं।

**अलीजा अग्निहोत्री**



सलमान खान की भांजी अलीजा अग्निहोत्री भी साल 2023 में अपना बॉलीवुड डेब्यू करने के लिए, तैयार हैं। मीडिया के अनुसार अलीजा नेशनल अवॉर्ड विनिंग फिल्ममेकर सोमेंद्र पाढ़ी के डायरेक्शन में बन रही फिल्म के जरिए डेब्यू करेंगी।

**आर्यन खान**
*शाहरुख के बेटे आर्यन भी इस साल एक्टिंग की दुनिया से दूर स्क्रिप्ट राइटिंग के जरिए बॉलीवुड में कदम रखने जा रहे हैं। वो एक ओटीटी सीरीज के लिए स्क्रीप्ट राइटिंग कर रहे हैं।*





## अंडरवर्ल्ड कनेक्शन से लेकर टॉपलेस फोटोशूट तक, कंट्रोवर्शियल है ममता की लाइफ

90 के दशक की चर्चित एक्ट्रेस ममता कुलकर्णी ने जितनी सुर्खियां अपनी फिल्मों से बटोरीं उससे ज्यादा चर्चा उनसे जुड़ी कुछ बड़ी कंट्रोवर्सीज की हुई थीं। साल 1992 में फिल्म तिरंगा से बॉलीवुड में डेब्यू करने वालीं ममता जल्द ही बॉलीवुड की टॉप की एक्ट्रेस बन चुकी थीं लेकिन यहीं से उनके पतन की शुरुआत भी हो रही थी।

**अंडरवर्ल्ड के साथ जुड़ने लगा था नाम**
ममता कुलकर्णी की लाइफ बेहद कंट्रोवर्शियल रही है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, ममता ने साल 1993 में स्टारडस्ट मैगजीन के लिए टॉपलेस फोटोशूट करवा लिया था। एक्ट्रेस के फोटो जब सामने आए तब जमकर बवाल हुआ था। सिर्फ यही एक कन्ट्रोवर्सी ममता के खाते में नहीं थी, कहते हैं कि ममता के अंडरवर्ल्ड के साथ अच्छे कनेक्शन थे और इसकी एक बानगी फिल्म चाइना गेट की शूटिंग के दौरान देखने को मिली थी। खबरों की मानें तो राज कुमार संतोषी की इस फिल्म से ममता को बाहर कर दिया गया था लेकिन बाद में छोटा राजन के दखल के बाद ममता को वापस इस फिल्म में लेना पड़ा था।

**ड्रग माफिया विक्की गोस्वामी से रचाई थी शादी**
ममता तब सुर्खियों में आ गईं थीं जब उनकी इंटरनेशनल ड्रग माफिया विक्की गोस्वामी से शादी करने की खबरें सामने आईं। वहीं, साल 2016 में विक्की और ममता को ड्रग्स से जुड़े एक मामले में केन्या एयरपोर्ट पर गिरफ्तार भी किया जा चुका है। ममता अब कहां हैं और क्या कर रहीं हैं? यह सवाल भी अक्सर पूछा जाता है। तो आज से कुछ साल पहले ममता अपनी ऑटोबायोग्राफी बाय योगिनी लेकर आईं थीं। इस ऑटोबायोग्राफी के जरिए ममता ने ऐसा दावा किया था कि वे अब साध्वी बन चुकी हैं।




## 'हनी सिंह खुदगर्ज हैं' बादशाह ने रैपर पर लगाया आरोप

**बॉलीवुड** इंडस्ट्री में पंजाबी गानों का असली मैजिक हनी सिंह और बादशाह ही लेकर आए। दोनों एक-दूसरे के कॉम्पिटीटर भी हैं और दोनों साथ में पहले काम भी कर चुके हैं। लेकिन बादशाह के मुताबिक हनी सिंह संग काम करने का उनका एक्सपीरियंस बढ़िया नहीं रहा है। हालिया इंटरव्यू में बादशाह ने उन दिनों को याद किया जब वे हनी सिंह की बैंड का हिस्सा थे और कुछ साल साथ में काम किया था। इस दौरान बादशाह को लेकर हनी सिंह का बरताव कैसा था उन्होंने इसपर बात की है। बादशाह ने इंटरव्यू में बताया कि किस तरह से हनी सिंह सिर्फ अपने बारे में सोचते हैं और दूसरों को उतनी तवज्जो नहीं देते हैं। बादशाह ने कहा कि साल 2006 में वे माफिया मुंडीर नाम के बैंड से जुड़े थे और साल 2009 में वे अपने करियर की वजह से ब्रेक ले लिया था और जॉब करने लगे थे, क्योंकि उनके पैरेंट्स उनके करियर को लेकर काफी चिंतित रहते थे। उस दौरान वे हनी सिंह की रडार से दूर थे। सिंगर ने माना कि अगर वे उस दौरान हनी सिंह से मिल लेते तो चीजें कुछ और होतीं, लेकिन हनी सिंह उनका फोन नहीं उठाते थे।

**हनी सिंह ने नहीं दी तवज्जो**
बादशाह के मुताबिक वे अपना सब कुछ छोड़ इस ग्रुप के साथ जुड़े थे। बादशाह ने बताया कि साल 2011 में हनी सिंह संग उनका पहला गाना गेट अप जवानी रिलीज हुआ था, लेकिन रैपर के मुताबिक उनकी मेहनत को कोई तवज्जो नहीं दी जाती थी। उन्हें( हनी सिंह) इतना खुदगर्ज नहीं होना चाहिए था। एक तरफ वो भाई कहकर बुलाते थे वहीं दूसरी तरफ वे लोगों के संघर्ष को नहीं देख पा रहे थे। उन्होंने ब्लैंक पेपर्स पर साइन कराए। उन कॉन्ट्रैक्ट्स का क्या हुआ। बादशाह के मुताबिक ये उनके लिए एक बहुत बुरा दौर था। बता दें कि हनी सिंह और बादशाह के बीच लड़ाई काफी समय पुरानी है। दोनों का कोल्ड वॉर हमेशा सुर्खियों में रहा है लेकिन इसके पीछे की असल वजह किसी को पता नहीं थी लेकिन अब बादशाह ने खुलकर इस बारे में बातें की और बताया कि आखिर दोनों के बीच मतभेद की वजह क्या है।


## जब अमीषा पटेल की खूबसूरती पर फिदा हो गए थे राकेश रोशन

**बॉलीवुड** एक्ट्रेस अमीषा पटेल इन दिनों अपनी अपकमिंग फिल्म गदर 2 को लेकर काफी सुर्खियों में हैं। इस फिल्म के जरिए अमीषा पटेल और एक्टर सनी देओल पूरे 22 साल बाद तारा और सकीना के रूप में बड़े पर्दे पर वापसी करेंगे। साल 2001 में रिलीज हुई फिल्म गदर बॉक्स ऑफिस पर सुपरहिट रही थी, ऐसे में फिल्म के दूसरे पार्ट से मेकर्स को काफी उम्मीदें हैं। सनी देओल और अमीषा पटेल अपनी अपकमिंग फिल्म गदर 2 का जमकर प्रमोशन कर रहे हैं। हाल ही में अमीषा और सनी देओल



प्रमोशन के लिए द कपिल शर्मा शो पर पहुंचे। इस दौरान दोनों कलाकारों ने सेट पर जमकर मस्ती की। साथ ही अमीषा पटेल ने अपनी डेब्यू फिल्म कहो ना प्यार हो को लेकर भी एक दिलचस्प बात बताई। एक्ट्रेस अमीषा पटेल ने बताया कि केवल 14 साल की उम्र में राकेश रोशन ने उन्हें फिल्म कहो ना प्यार है ऑफर की थी। साथ ही अमीषा पटेल ने यह भी बताया कि राकेश रोशन के साथ उनकी पहली मुलाकात एक शादी में हुई थी। एक्ट्रेस ने बताया, हां यह सच है लेकिन उन्होंने मुझे तब यह फिल्म करने के लिए कहा जब मैं केवल 14 से 15 साल की थी। उन्होंने कहा था कि वह मुझे ऋतिक के साथ कास्ट करना चाहते थे। लेकिन मेरा परिवार तैयार नहीं था और उन्होंने इसके लिए मना कर दिया। क्योंकि हम एक पॉलिटिकल बिजनेस बैकग्राउंड से संबंध रखते हैं और मैं अपनी आगे की पढ़ाई के लिए बॉस्टन जा रही थी। अमीषा पटेल ने आगे बताया कि जब वह बॉस्टन से वापस लौटीं तो राकेश रोशन से उनकी मुलाकात फिर से एक शादी में हुई।

उन्होंने बताया कि राकेश उनके पास आए और पहली नजर में मुझे पहचान नहीं पाए। उन्होंने फिर मेरे परिवार से पूछा और मेरी फैमिली ने बताया, यह अमीषा है, अभी बॉस्टन से वापस लौटी है। बता दें कि राकेश रोशन से मुलाकात के बाद केवल दो दिनों में अमीषा ने कहो ना प्यार है साइन कर दी थी और केवल एक हफ्ते के भीतर ही फिल्म की शूटिंग भी शुरू कर दी थी।



## संक्षिप्त खबरें

### बीएमडब्ल्यू की बिक्री बढ़ी

नई दिल्ली। जर्मनी की लक्जरी कार बनाने वाली कंपनी बीएमडब्ल्यू ग्रुप की कुल बिक्री 2023 की पहली छमाही में सालाना आधार पर पांच प्रतिशत बढ़कर 5,867 इकाई पर पहुंच गई है। कंपनी ने सोमवार को बयान में यह जानकारी दी। समूह की बीएमडब्ल्यू मोटरराड ब्रांड के तहत प्रीमियम मोटरसाइकिलों की बिक्री भी जनवरी-जून के दौरान 50 प्रतिशत से अधिक बढ़कर 4,667 इकाई पर पहुंच गई है। पहली छमाही में समूह ने बीएमडब्ल्यू ब्रांड वाले 5,476 वाहन बेचे। वहीं मिनी की बिक्री 391 इकाई रही। यह भारत में कंपनी की छमाही बिक्री का सबसे ऊंचा आंकड़ा है।

### HDFC बैंक का लाभ बढ़ा

मुंबई। निजी क्षेत्र के सबसे बड़े ऋणदाता एचडीएफसी बैंक का एकीकृत शुद्ध लाभ चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही अप्रैल-जून में 29.13 प्रतिशत बढ़कर 12,370.38 करोड़ रुपए पर पहुंच गया है। एचडीएफसी बैंक ने हाल ही में अपनी आवास वित्त क्षेत्र की मूल कंपनी एचडीएफसी का खुद में विलय किया है। इससे पिछले वित्त वर्ष यानी 2022-23 की पहली तिमाही में बैंक ने 9,579.11 करोड़ रुपए का शुद्ध लाभ कमाया है। पिछली जनवरी-मार्च की तिमाही में बैंक का शुद्ध लाभ 12,594.47 करोड़ रुपए रहा था। बैंक की कुल आय बढ़कर 61,021 करोड़ रुपए पर पहुंच गई।

### अनुमान से कम वृद्धि दर

हांगकांग। चीन की अर्थव्यवस्था की वृद्धि दर अप्रैल-जून की दूसरी तिमाही में उम्मीद से कम यानी 6.3 प्रतिशत रही है। विश्लेषकों का अनुमान था कि पिछले साल की समान अवधि में वृद्धि की सुस्त रफ्तार की वजह से चालू अप्रैल-जून तिमाही में चीन की अर्थव्यवस्था अधिक तेज गति से बढ़ेगी। दुनिया की दूसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था की रफ्तार आगामी महीनों में और घटने की आशंका है। इसकी वजह चीन में उपभोक्ता मांग का कमजोर होना और अन्य अर्थव्यवस्थाओं में चीनी निर्यात की मांग घटना है।

### शांतनु देशपांडे एमडी बने

नई दिल्ली। फ्रांस की टायर कंपनी 'मिशेलिन' ने शांतनु देशपांडे को अपने भारतीय परिचालन का प्रबंध निदेशक नियुक्त किया है। कंपनी ने सोमवार को यह जानकारी दी। वह पुणे में पदस्थ रहेंगे। कंपनी की ओर से जारी बयान के अनुसार, 'मिशेलिन' के साथ अपने 23 साल के कार्यकाल के दौरान देशपांडे ने भारत तथा उत्तरी अमेरिका, अफ्रीका, पश्चिम एशिया और एशिया जैसे कई अन्य क्षेत्रों में बिक्री व विपणन में कंपनी के लिए कई महत्वपूर्ण भूमिकाएं निभाई। देशपांडे बतौर 'एरिया सेल्स मैनेजर' 1999 में 'मिशेलिन' से जुड़े थे।

### करूर वैश्य का लाभ बढ़ा

नई दिल्ली। निजी क्षेत्र के करुड़ वैश्य बैंक का शुद्ध लाभ चालू वित्त वर्ष की जून में समाप्त पहली तिमाही में 57 प्रतिशत बढ़कर 359 करोड़ रुपए पर पहुंच गया है। डूबे कर्ज में कमी और ब्याज आय बढ़ने से बैंक का मुनाफा बढ़ा है। तमिलनाडु के इस बैंक ने एक साल पहले समान तिमाही में 235 करोड़ रुपए का शुद्ध लाभ कमाया था। शेयर बाजारों को भेजी सूचना में बैंक ने कहा कि तिमाही के दौरान उसकी कुल आय बढ़कर 2,216 करोड़ रुपये पर पहुंच गई, इससे पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में 1,673 करोड़ रुपए रही थी। समीक्षाधीन तिमाही में बैंक की ब्याज आय बढ़कर 1,883 करोड़ रुपये पर पहुंच गई।

(एजेंसियां)

# ऐतिहासिक सुधारों के सहारे भारतीय अर्थव्यवस्था ने लगाई लंबी छलांग

- बर्नस्टीन ने मोदी सरकार के कार्यकाल पर जारी की रिपोर्ट
- मोदी को विरासत में मिली थी एक कमजोर अर्थव्यवस्था
- सरकार ने नए सुधारों के जरिए इसे दी है रफ्तार
- कमजोर इकोनामी के लिए जिम्मेदार है संप्रग

**बर्नस्टीन की रिपोर्ट**

"'पीएम मोदी के नेतृत्व का दशक - एक लंबी छलांग' शीर्षक वाली रिपोर्ट में कहा गया है कि विरासत में कमजोर अर्थव्यवस्था मिलने के बावजूद ऐतिहासिक सुधारों, महंगाई पर नियंत्रण, वित्तीय समावेशन और डिजिटलीकरण के मोर्चे पर सरकार ने काफी अच्छा काम किया है। रिपोर्ट कहती है, 'भाग्य रातोंरात चमकता है, कुछ के लिए, यह किस्मत से होता है, और ज्यादातर के लिए वर्षों के प्रयास से। भारत कुछ इसी तरह की कहानी है।'"



नई दिल्ली (भाषा)।

माल एवं सेवा कर (जीएसटी) जैसे 'ऐतिहासिक' सुधारों और बुनियादी ढांचा क्षेत्र पर जबर्दस्त खर्च से भारत आज दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है। ब्रोकरेज कंपनी बर्नस्टीन ने सोमवार को नरेन्द्र मोदी सरकार के कार्यकाल पर एक 31 पृष्ठ की रिपोर्ट जारी की, जिसमें यह बात कही गई है।

बर्नस्टीन की 'पीएम मोदी के नेतृत्व का दशक - एक लंबी छलांग' शीर्षक वाली रिपोर्ट में कहा गया है कि विरासत में संकट में फंसे कई संस्थानों के साथ एक कमजोर अर्थव्यवस्था मिलने के बावजूद ऐतिहासिक सुधारों, महंगाई पर नियंत्रण, वित्तीय समावेशन और डिजिटलीकरण के मोर्चे पर सरकार ने काफी अच्छा काम किया है। रिपोर्ट कहती है, 'भाग्य रातोंरात चमकता है, कुछ के लिए, यह किस्मत से होता है, और ज्यादातर के लिए वर्षों के प्रयास से। भारत कुछ इसी तरह की कहानी है।'

इसमें कहा गया है कि मोदी के नेतृत्व में भारत ने कई क्षेत्रों में जबर्दस्त प्रगति देखी है। इसमें डिजिटलीकरण, अर्थव्यवस्था को संगठित करना, बेहतर नीतिगत माहौल से विनिर्माण के लिए निवेश आकर्षित करना और बुनियादी ढांचे पर खर्च बढ़ाना शामिल है। रिपोर्ट कहती है कि पिछले दशक के कई साल के दौरान आर्थिक वृद्धि सुस्त रही है, लेकिन सरकार ने नए सुधारों के जरिए अर्थव्यवस्था को आगे बढ़ाया है।

बर्नस्टीन की रिपोर्ट में कहा गया है कि मोदी ने नौ साल पहले 'अच्छे दिन के वादे' के साथ शानदार जीत हासिल की और प्रधानमंत्री पद की शपथ ली। उन्होंने आर्थिक वृद्धि को बढ़ाने, लालफीताशाही को कम करने, भ्रष्टाचार को समाप्त करने और कारोबारी धारणा में सुधार का वादा किया था। भाजपा के 2014 के चुनाव घोषणापत्र में सुशासन के साथ-साथ आर्थिक समृद्धि का वादा सबसे ऊपर था। भाजपा ने ऊंची वृद्धि, अधिक रोजगार सृजन और निवेश को बढ़ाने का वादा किया था। बर्नस्टीन ने यह रिपोर्ट तैयार करने के लिए कुछ मानदंडों का आकलन किया है। इसमें देखा गया है कि इन मानदंडों पर 2014 के बाद से कैसा प्रदर्शन रहा है।

रिपोर्ट में कहा गया है कि 2014 से सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की वृद्धि सालाना आधार पर 5.7 प्रतिशत रही है। कोविड-पूर्व की वृद्धि 6.7 प्रतिशत रही थी। वहीं संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन (संप्रग) के कार्यकाल में वृद्धि दर 7.6 प्रतिशत से कुछ कम रही थी। उस दौर में निचले आधार प्रभाव का लाभ मिला था। इसमें कहा गया है कि मोदी सरकार को 'विरासत में एक कमजोर अर्थव्यवस्था मिली थी और कई संस्थान संकट में थे।

रिपोर्ट में इसके लिए संप्रग सरकार के कदमों को जिम्मेदार ठहराया गया है। रिपोर्ट में कहा गया है कि भारत वैश्विक स्तर पर जीडीपी के मामले में पांचवें स्थान पर आ गया है। 2014 में भारत दसवें स्थान पर था। हालांकि, प्रति व्यक्ति आय के आधार पर सूची में भारत काफी पीछे 127वें स्थान पर है।

# नवीकरणीय ऊर्जा क्षेत्र में सहयोग करेंगे भारत-अमेरिका




गांधीनगर (भाषा)। भारत और अमेरिका ने द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करने, सक्रियता से जी20 के एजेंडा को आगे बढ़ाने, नवीकरणीय ऊर्जा के वित्तपोषण के लिए वैकल्पिक तंत्र की संभावना तलाशने की प्रतिबद्धता जताई है। दोनों देशों ने जी20 के एजेंडा के तहत जलवायु परिवर्तन से निपटने के लिए समन्वित कार्रवाई और बहुपक्षीय विकास बैंकों (एमडीबी) को मजबूत करने के लिए भी काम करने की सहमति जताई है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण और अमेरिकी वित्त मंत्री जेनेट येलेन ने यहां जी20 के वित्त मंत्रियों और केंद्रीय बैंक गवर्नरों की बैठक से इतर द्विपक्षीय बैठकें की। इन बैठकों में जलवायु परिवर्तन, निम्न और मध्यम आय वर्ग वाले देशों पर बढ़ते कर्ज के बोझ, डिजिटल सार्वजनिक ढांचे जैसे मुद्दों पर चर्चा हुई।

सीतारमण ने अपने बयान में द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करने की प्रतिबद्धता जताते हुए वैकल्पिक निवेश मंचों के माध्यम से नवीकरणीय ऊर्जा लिए नए अवसर तलाशने की बात कही। येलेन ने कहा कि अमेरिका और भारत का सहयोग कई आर्थिक मुद्दों को लेकर है। इसमें वाणिज्यिक और तकनीकी सहयोग, आपूर्ति श्रृंखला को मजबूत करना और स्वच्छ ऊर्जा बदलाव को बढ़ावा देना शामिल है। जी20 वित्त मंत्रियों की मार्च में हुई पिछली बैठक में एमबीडी को मजबूत करने के लिए एक विशेषज्ञ समूह गठित किया गया था। समूह ने अपनी पहली रिपोर्ट सौप दी है जो इसका दायरा और वित्तीय क्षमता बढ़ाने और एमबीडी के वित्तपोषण के तौर-तरीकों पर केंद्रित है। दूसरी रिपोर्ट अक्टूबर में सौंपी जाएगी। वर्ष 2022 में भारत-अमेरिका व्यापार 191 अरब डालर से अधिक रहा है। यह 2014 के आंकड़े का लगभग दोगुना है।

# 140 देश कर समझौते के करीब

■ मल्टीनेशनल कंपनियों के लिए हो रहा यह करार ■ परिचालन वाले देश में करेंगी टैक्स का भुगतान

- कर की न्यूनतम दर 15 फीसद तय होगी
- देशों को हटाने होंगे अन्य सभी तरह के कर
- अन्य कर न लगाने को जतानी होगी सहमति
- लाभ आवंटन में हिस्से पर भी होगी बात
- अन्य सभी मुद्दों पर जल्द बनेगी सहमति



गांधीनगर (भाषा)।

अमेरिका, भारत सहित लगभग 140 देश वैश्विक कर नियमों में बदलाव को लेकर एक समझौते के करीब हैं। इस समझौते में प्रावधान है कि बहुराष्ट्रीय कंपनियों (एमएनसी) को अपने परिचालन वाले देशों में कर का भुगतान करना होगा।

यहां जी20 के वित्त मंत्रियों और केंद्रीय बैंक के गवर्नरों की बैठक से इतर वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के साथ बैठक में अमेरिकी वित्त मंत्री जेनेट येलेन ने आर्थिक सहयोग एवं विकास संगठन (ओईसीडी) के समावेशी ढांचे में 'ऐतिहासिक दो-स्तंभ के वैश्विक कर करार' को अंतिम रूप देने में भारत के प्रयासों की सराहना की। येलेन ने द्विपक्षीय बैठक में कहा, 'मेरा मानना है कि हम समझौते के नजदीक हैं।'

अंतरराष्ट्रीय कराधान प्रणाली में एक बड़े सुधार के तहत भारत सहित लगभग 140 देश वैश्विक कर नियमों में व्यापक बदलाव के लिए सहमत हुए हैं, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि बहुराष्ट्रीय कंपनियां जहां भी काम करती हैं, वहां वे न्यूनतम 15 प्रतिशत की दर से कर का भुगतान करें। हालांकि, इस करार के लिए संबंधित देशों को सभी डिजिटल सेवा कर और इसी तरह के अन्य उपायों को हटाना होगा और भविष्य में इस तरह के उपाय लागू नहीं करने की प्रतिबद्धता जतानी होगी।

सौदे के कुछ पहलुओं मसलन लाभ आवंटन में हिस्सा और कर नियमों के दायरे जैसे विषय को सुलझाया जाना बाकी है। समझौते के तकनीकी विवरण पर काम पूरा होने के बाद एक व्यापक सहमति वाला करार अस्तित्व में आएगा। आर्थिक सहयोग और विकास संगठन ने पिछले सप्ताह जारी एक परिणाम बयान में कहा कि कुछ क्षेत्रों ने बहुपक्षीय सम्मेलन (एमएलसी) में 'कुछ विशिष्ट वस्तुओं के साथ' चिंता व्यक्त की है। ओईसीडी ने कहा कि इन मुद्दों को हल करने का काम जारी है।

### भारत, अमेरिका सबसे करीबी भागीदार : जेनेट

गांधीनगर (भाषा)। अमेरिका की वित्त मंत्री जेनेट येलेन ने कहा है कि अमेरिका और भारत दुनिया में सबसे करीबी भागीदारों में से हैं और उनका देश जी20 की अध्यक्षता के दौरान भारत के नेतृत्व की सराहना करता है।

उन्होंने कहा कि दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय व्यापार पिछले साल अपने सर्वकालिक उच्चस्तर पर पहुंच गया और उन्हें भरोसा है कि आने वाले वर्षों में यह और बढ़ेगा। येलेन और केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने गुजरात की राजधानी गांधीनगर में चल रही जी20 बैठकों के तहत भारत-अमेरिका वार्ता से पहले सोमवार को यहां संयुक्त रूप से मीडिया को संबोधित किया। सीतारमण ने कहा कि पीएम की अमेरिका यात्रा व बाइडेन से मुलाकात से दोनों देशों में भागीदारी और मजबूत हुई है।

# सेंसेक्स और निफ्टी का नया रिकार्ड

■ 529 अंक की छलांग लगाकर 66590 पर बंद हुआ बीएसई सेंसेक्स



मुंबई (भाषा)। स्थानीय शेयर बाजारों में तेजी का सिलसिला सोमवार को लगातार तीसरे कारोबारी सत्र में भी जारी रहा और बीएसई सेंसेक्स 529 अंक की छलांग के साथ एक बार फिर नए रिकार्ड स्तर पर बंद हुआ। नेशनल स्टाक एक्सचेंज का निफ्टी भी अपने अब तक के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया।

तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 529.03 अंक यानी 0.80 प्रतिशत की तेजी के साथ 66,589.93 अंक पर बंद हुआ। यह इसका अब तक का सर्वकालिक उच्चस्तर है। कारोबार के दौरान सेंसेक्स 595.31 अंक यानी 0.90 प्रतिशत की बढ़त के साथ रिकार्ड 66,656.20 अंक तक चला गया था। नेशनल स्टाक एक्सचेंज का निफ्टी भी 146.95 अंक यानी 0.75 प्रतिशत की बढ़त के साथ अब तक के उच्चतम स्तर 19,711.45 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान यह 167.35 अंक उछलकर रिकार्ड 19,731.85 अंक तक चला गया था।

सेंसेक्स के शेयरों में भारतीय स्टेट बैंक, विप्रो, रिलायंस इंडस्ट्रीज, एचडीएफसी बैंक, कोटक महिंद्रा बैंक और इंडसइंड बैंक प्रमुख रूप से लाभ में रहे। एचडीएफसी बैंक के वित्तीय परिणाम की घोषणा के बाद उसका शेयर दो प्रतिशत मजबूत हुआ। बैंक का एकीकृत शुद्ध लाभ जून तिमाही में 29.13 प्रतिशत बढ़कर 12,370.38 करोड़ रुपए रहा। नुकसान में रहने वाले शेयरों में टाटा मोटर्स, भारती एयरटेल, टाइटन और जेएसडब्ल्यू स्टील शामिल हैं।

जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, 'चीन में अनुमान से कम वृद्धि दर के कारण एशियाई बाजारों में मिले-जुले रुख के बीच घरेलू बाजार ने मजबूती दिखायी। इसका कारण कंपनियों के पहली तिमाही के वित्तीय परिणाम बेहतर रहने की उम्मीद है।' शेयर बाजार के आंकड़ों के अनुसार, विदेशी संस्थागत निवेशक शुद्ध लिवाल बने हुए हैं। उन्होंने शुक्रवार को 2,636.43 करोड़ रुपए मूल्य के शेयर खरीदे।

# कर्नाटक में 8,800 करोड़ निवेश करेगी फॉक्सकॉन

बेंगलुरु (भाषा)।

एपल के लिए आईफोन असेंबल करने वाली कंपनी फॉक्सकॉन ने कर्नाटक के देवनहल्ली सूचना प्रौद्योगिकी निवेश क्षेत्र में मौजूदा इकाई के लिये 8,800 करोड़ के निवेश से एक पूरक संयंत्र लगाने का प्रस्ताव किया है। राज्य के बड़े और मझोले उद्यम मंत्री एमबी पाटिल ने सोमवार को यह जानकारी दी।

उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री सिद्धरमैया ने इस संदर्भ में फॉक्सकॉन इंडस्ट्रियल इंटरनेट (एफआईआई) के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) ब्रांड चेन्ग की अगुवाई में कंपनी प्रतिनिधियों के साथ उच्चस्तरीय बैठक की अध्यक्षता की। पाटिल ने कहा कि प्रस्ताव के तहत फॉक्सकॉन की अनुषंगी एफआईआई ने 8,800 करोड़ रुपए के निवेश की योजना रखी है।

# 2027 तक दुनिया की तीसरी अर्थव्यवस्था होगा भारत



- रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने 3,300 करोड़ की दो राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं का किया लोकार्पण और शिलान्यास
- बोले, सीएम योगी नए उत्तर प्रदेश के निर्माण में पूरे मनोयोग से लगे
- पीएम मोदी के विजन और सीएम योगी के मिशन के अनुरूप हो रहा है यूपी का विकास

लखनऊ

रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विजन और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के मिशन के अनुरूप उत्तर प्रदेश के विकास का नया अध्याय लिखा जा रहा है। सीएम योगी नए उत्तर प्रदेश के निर्माण में पूरे मनोयोग से लगे हैं। उन्होंने कहा कि 2027 तक देश विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था वाला देश होगा और सीएम योगी ने उत्तर प्रदेश को वन ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने का लक्ष्य रखा, वह निकट भविष्य में पूरा होकर रहेगा। उन्होंने कहा कि आज प्रदेश में सात एक्सप्रेस वे का निर्माण हो रहा है। इसके साथ ही प्रदेश में तीन इंटरनेशनल एयरपोर्ट संचालित हैं।

रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने सोमवार को आईआईएम रोड स्थित महर्षि यूनिवर्सिटी ऑफ इंफॉर्मेशन टेक्नोलॉजी में आयोजित ₹ 3,300 करोड़ से अधिक के निवेश से दो राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं के लोकार्पण और शिलान्यास कार्यक्रम को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 2047 तक भारत की अर्थव्यवस्था को दुनिया की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनाने का लक्ष्य रखा है। इसे पीएम मोदी का करिश्मा ही कहा जाएगा कि 2014 के पहले भारत की अर्थव्यस्था आकार के मामले में दुनिया में 11वें स्थान पर थी, जो आज पांचवें स्थान आ गई है।

रक्षामंत्री ने कहा कि खरीदारी के मामले में भारत तीसरे स्थान पर है। दुनिया की जानीमानी वित्तीय फर्म मॉर्गन स्टेनले ने भारत को लेकर यह विश्वास व्यक्त किया है कि 2027 तक भारत की अर्थव्यवस्था दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगी। उन्होंने कहा कि लखनऊ को वर्ल्ड क्लास सिटी बनाने के लिए यहां पर वैसा ही इन्फ्रास्ट्रक्चर विकसित किया जा रहा है। यहां पर लोकार्पित हुआ हाइवे एक मील का पत्थर साबित होगा।

कार्यक्रम में केंद्रीय आवास और शहरी मामलों के राज्य मंत्री कौशल किशोर, केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय के राज्य मंत्री वीके सिंह, डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक, लोनिवि मंत्री जितिन प्रसाद, समाज कल्याण विभाग मंत्री असीम अरुण व सांसद-विधायक मौजूद थे।

# इस साल हो सकती है लक्जरी कारों की रिकार्ड बिक्री



नई दिल्ली (भाषा)।

भारतीय लक्जरी कार बाजार इस साल रिकार्ड बिक्री के लिए तैयार है। इसकी एक बड़ी वजह यह है कि मर्सिडीज-बेंज, बीएमडब्ल्यू और ऑडी जैसी कंपनियों का प्रदर्शन पहली छमाही में शानदार रहा है।

इस साल जनवरी-जून में जर्मनी की लक्जरी कार विनिर्माता मर्सिडीज-बेंज ने 8,528 इकाइयों के साथ भारत में अपनी अब तक की सर्वाधिक छमाही बिक्री दर्ज की। यह आंकड़ा एक साल पहले की समान अवधि के मुकाबले 13 प्रतिशत अधिक है। समीक्षाधीन अवधि में बीएमडब्ल्यू ग्रुप की बिक्री 5,867 इकाई रही, जो अब तक किसी भी छमाही में उसकी सर्वाधिक बिक्री है।

जर्मनी की एक अन्य लक्जरी कार विनिर्माता ऑडी ने 2023 की पहली छमाही में सालाना आधार पर 97 प्रतिशत की बढ़ोतरी के साथ 3,474 वाहन बेचे। ऑडी इंडिया के प्रमुख बलबीर सिंह ढिल्लन ने बताया, 'हमारा अनुमान है कि पहले छह महीनों (वर्ष के) में लक्जरी कार खंड में लगभग 21,000 कारें बेची गई हैं और आम तौर पर दूसरी छमाही, पहली छमाही से बेहतर रहती है। इसलिए, हमारा अनुमान है कि पूरे लक्जरी कार खंड में इस साल करीब 46,000-47,000 कारें बिकनी चाहिए, जो निश्चित रूप से अब तक का उच्चतम स्तर होगा।'

लक्जरी कार खंड में बिक्री का पिछला रिकॉर्ड लगभग 40,000 इकाइयों का था, जो 2018 में बना था।

# जर्मन श्रम कानून का भारत के व्यापार पर सीमित असर

नई दिल्ली (भाषा)। शोध संस्थान जीटीआरआई ने कहा है कि वैश्विक व्यापार आपूर्ति श्रृंखला में जबरिया मजदूरी को प्रतिबंधित करने और मानवाधिकारों की रक्षा करने के जर्मनी के कानून का यूरोपीय देश के साथ भारत के व्यापार पर काफी कम प्रभाव पड़ेगा। शोध संस्थान की सोमवार को जारी रिपोर्ट में कहा गया है कि भारत के पास इन मुद्दों से निपटने के लिए पहले से ही कई कानून मौजूद है। जर्मनी ने उसके देश में और बाहर अपनी आपूर्ति श्रृंखलाओं में जबरन श्रम और अन्य श्रम कानून के उल्लंघन पर प्रतिबंध लगा दिया है।

'आपूर्ति श्रृंखला जांच परख कानून' (एससीडीडीए) नामक कानून इस साल एक जनवरी को लागू हुआ था। यह उन कंपनियां पर लागू है जिसमें तीन हजार से अधिक कर्मचारी कार्यरत है। इनमें जर्मनी की कंपनियां और जर्मनी के साथ व्यापार करने वाली विदेशी कंपनियां शामिल है। छोटी कंपनियों पर यह कानून जनवरी, 2024 से लागू होगा। ग्लोबल ट्रेड रिसर्च इनिशिएटिव (टीआरआई) ने अपनी रिपोर्ट में कहा, 'एससीडीडीए का प्रभाव बहुत कम होने की संभावना है क्योंकि भारत में पहले से ही बाल श्रम, जबरन श्रम और कार्यस्थल पर भेदभाव पर रोक लगाने के लिए कई कानून मौजूद है।'

# सरकार ने निर्यातकों के लिए मानदंडों को सुगम किया

नई दिल्ली (भाषा)।

सरकार ने सोमवार को निर्यातकों के लिए शुरू की गई अग्रिम प्राधिकार योजना के मानदंडों को सुगम बनाने की घोषणा की। इस योजना के तहत कच्चे माल के रूप में इस्तेमाल होने वाली सामग्रियों का शुल्क मुक्त आयात किया जा सकता है।

विदेश व्यापार महानिदेशालय (डीजीएफटी) विदेश व्यापार नीति के तहत इस योजना को लागू करता है। इनपुट (कच्चे माल) की पात्रता क्षेत्र-विशिष्ट की मानदंड समितियां तय करती हैं। डीजीएफटी ने कहा कि नियम तय करने की प्रक्रिया को बेहतर बनाने के लिए उसने उपयोगकर्ताओं के लिए मानदंडों का एक डेटाबेस बनाया है।

# जुलाई के पहले पखवाड़े में घटी पेट्रोल-डीजल की मांग




नई दिल्ली (भाषा)।

देश में पेट्रोल और डीजल की खपत में जुलाई के पहले पखवाड़े में गिरावट आई है। उद्योग के शुरुआती आंकड़ों से यह जानकारी मिली है।

आंकड़ों के अनुसार, मानसून के दौरान देश के विभिन्न हिस्सों में भारी बारिश की वजह से लोगों ने अपनी यात्रा की योजना टाल दी है। इसके अलावा कृषि क्षेत्र में भी ईंधन की मांग घट गई है। इससे पेट्रोल, डीजल की कुल मांग प्रभावित हुई है। आंकड़ों के अनुसार, देश में सबसे ज्यादा खपत वाले ईंधन डीजल की मांग एक से 15 जुलाई के दौरान 15 प्रतिशत घटकर 29.6 लाख टन रह गई। कुल ईंधन मांग में डीजल का हिस्सा करीब 40 प्रतिशत है।

गर्मियों में वाहनों में 'एसी' का इस्तेमाल बढ़ने तथा कृषि क्षेत्र की मांग में उछाल से अप्रैल और मई में डीजल की मांग क्रमशः 6.7 प्रतिशत और 9.3 प्रतिशत बढ़ी थी। मानसून के आने के साथ ही जून के दूसरे पखवाड़े से इस ईंधन की मांग घटने लगी थी। मासिक आधार पर डीजल की बिक्री में करीब 20 प्रतिशत की गिरावट आई है। एक से 15 जून के दौरान डीजल की बिक्री 36.8 लाख टन रही थी। समीक्षाधीन अवधि में पेट्रोल की बिक्री भी 10.5 प्रतिशत घटकर 12.5 लाख टन रह गई। मासिक आधार पर पेट्रोल की बिक्री 10.8 प्रतिशत घटी है।

भारत में विनिर्माण और सेवा क्षेत्र दोनों आगे बढ़ रहे हैं जिससे देश में ईंधन की मांग भी तेज रही है। इसकी वजह से मार्च के दूसरे पखवाड़े में पेट्रोल और डीजल की मांग बढी थी। हालांकि, मानसून के आगमन के साथ इन ईंधन की मांग सुस्त पड़ी है। जुलाई के पहले पखवाड़े एक से 15 जुलाई के दौरान पेट्रोल की खपत कोविड प्रभावित जुलाई, 2021 की तुलना में 12.5 प्रतिशत अधिक और महामारी-पूर्व की अवधि एक से 15 जुलाई, 2019 की तुलना में 16.6 प्रतिशत अधिक रही है।

इसी तरह डीजल की खपत एक से 15 जुलाई, 2021 से 10.1 प्रतिशत बढ़ी है, जबकि जुलाई, 2019 के पहले पखवाड़े की तुलना में यह 1.1 प्रतिशत कम रही है। हवाई यात्राओं में लगातार वृद्धि के साथ विमान ईंधन (एटीएफ) की मांग एक से 15 जुलाई के दौरान पिछले वर्ष की समान अवधि की तुलना में 6.1 प्रतिशत बढ़कर 3,01,800 टन हो गई। यह जुलाई, 2021 के पहले पखवाड़े की तुलना में दोगुना से ज्यादा है।

# कार्लोस अल्कारेज नंबर एक पर कायम, शीर्ष 10 में पहुंची वोंद्रोसोवा

## मार्केटा 32 स्थान की छलांग लगाकर दसवें नंबर पर काबिज

एजेंसी ▶▶| विंबलडन

कार्लोस अल्कारेज ने विंबलडन फाइनल में विश्व के दूसरे नंबर के खिलाड़ी नोवाक जोकोविच को हराकर अपनी नंबर एक रैंकिंग भी बरकरार रखी है जबकि महिला वर्ग की चैंपियन मार्केटा वोंद्रोसोवा लंबी छलांग लगाकर शीर्ष 10 में पहुंच गई हैं।

ऑल इंग्लैंड क्लब में शनिवार को हुए फाइनल में ओन्स जाबेउर के खिलाफ 6-4, 6-4 की जीत की बदौलत वोंद्रोसोवा 32 स्थान की छलांग लगाकर दसवें नंबर पर काबिज हो गई हैं। वह विंबलडन का खिताब जीतने वाली पहली गैर वरीयता प्राप्त खिलाड़ी बनी थी।





अल्कारेज ने रविवार को खेले गए पुरुष एकल के फाइनल में जोकोविच को 1-6, 7-6 (6), 6-4, 3-6, 6-4 हराया जिससे उन्होंने अपनी शीर्ष रैंकिंग भी बरकरार रखी।

### महिला रैंकिंग में शीर्ष सात में कोई बदलाव नहीं

पिछले 15 महीने से नंबर एक की कुर्सी पर काबिज इगा स्वियाटेक विंबलडन में अपनी शीर्ष रैंकिंग आर्यना सबालेंका को गंवा सकती थी लेकिन वह शीर्ष पर बनी हुई हैं। स्वियाटेक विंबलडन के क्वार्टर फाइनल में जबकि सबालेंका सेमीफाइनल में हार गई थी। महिला रैंकिंग में शीर्ष सात खिलाड़ियों ने अपना स्थान बरकरार रखा है। ऐलेना रयबाकिना तीसरे नंबर पर बनी हुई हैं। उनके बाद जेसिका पेगुला, कैरोलिन गार्सिया, जाबेउर और कोको गॉफ का नंबर आता है।



## सू-वेई और स्ट्राइकोवा को युगल खिताब

*ताइवान की सीह सू-वेई और चेक गणराज्य की बारबरा स्ट्राइकोवा ने रविवार को यहां बेल्जियम की एलिस मर्टेन्स और ऑस्ट्रेलिया की स्टॉर्म हंटर को हराकर दूसरी बार विंबलडन का महिला युगल खिताब जीता। सू-वेई और स्ट्राइकोवा की जोड़ी ने फाइनल में बेल्जियम और ऑस्ट्रेलिया की जोड़ी को सीधे सेट में 7-5, 6-4 से हराया। सू-वेई ने बैकहैंड से दूसरा मैच प्वाइंट जीता जिससे 2019 की विंबलडन चैंपियनशिप जोड़ी ने विरोधी जोड़ी की सर्विस तोड़कर खिताब अपने नाम किया। स्ट्राइकोवा ने अपने बेटे के जन्म के बाद संन्यास से वापसी की है और उन्हें लगता है कि यह उनका आखिरी विंबलडन टूर्नामेंट है।*

# जोकोविच को फाइनल में हार के बाद मौके गंवाने का मलाल

*बड़े मुकाबले में हार के बाद किसी को भी मलाल हो सकता है। रविवार रात विंबलडन टेनिस टूर्नामेंट के रोमांचक फाइनल में कार्लोस अल्कारेज के खिलाफ शिकस्त के बाद नोवाक जोकोविच को दो मलाल हैं। सर्बिया के 36 साल के जोकोविच दूसरे टेस्ट के टाईब्रेकर में 20 साल के अल्कारेज के खिलाफ शुरूआती दो सेट जीतने से सिर्फ एक अंक दूरे थे लेकिन उन्होंने यह मौका गंवाकर स्पेन के खिलाड़ी को सेट जीतकर मुकाबला 1-1 से बराबर करने का मौका दे दिया। जोकोविच इसके बाद पांचवें सेट में ब्रेक प्वाइंट पर वॉली लगाने से चूक गए जबकि उस समय सात बार का यह विंबलडन चैंपियन अच्छी लय में था। जोकोविच ने 6-1, 6-7, 1-6, 6-3, 4-6 की हार के बाद कहा, 'कुछ मलाल हैं। मेरे पास मौके थे। मुझे लगता है कि मैं दूसरे सेट के टाईब्रेक का बेहतर अंत कर सकता था। लेकिन संघर्ष करने और शानदार रक्षात्मक कौशल दिखाने के लिए अल्कारेज को श्रेय जाता है। पांचवें सेट में खराब शॉट खेलकर उसे मौका भी दिया। वह आज जीतने का हकदार था। इसमें कोई संदेह नहीं है।'*



## खबर संक्षेप



### प्रधानमंत्री मोदी ने दी भारतीय दल को बधाई

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 25वीं एशियाई एथलेटिक्स चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन करने पर भारतीय दल की प्रशंसा की और कहा कि इस उपलब्धि से उनका सीना गर्व से चौड़ा हो गया है। प्रधानमंत्री ने ट्वीट किया, '25वीं एशियाई एथलेटिक्स चैंपियनशिप 2023 में भारतीय दल का सर्वोत्कृष्ट प्रदर्शन! हमारे एथलीटों ने 27 पदक जीते, जो विदेशी धरती पर किसी भी चैंपियनशिप की पदक तालिका में सर्वोच्च है। इस उपलब्धि के लिए हमारे एथलीटों को बधाई। इससे हमारा सीना गर्व से चौड़ा हो गया है।'

### एआईएफएफ और आईएमटी में करार

**नई दिल्ली।** अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ ने फुटबॉल के क्षेत्र में शोध, अध्ययन और 'डाटाबेस' तैयार करने के लक्ष्य के साथ गाजियाबाद के 'इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट टेक्नोलॉजी' के साथ सहमति पत्र पर सोमवार को हस्ताक्षर किए। यहां जारी विज्ञप्ति के अनुसार आईएमटी गाजियाबाद देश का पहला उच्च शिक्षा संस्थान है जहां खेलों में अनुसंधान, अध्ययन और 'डाटाबेस' तैयार करने के लिए पहला ''खेल अनुसंधान केंद्र'' स्थापित किया गया। इस खेल अनुसंधान केंद्र की कमान युवा लेखक एवं खेल शोधकर्ता डॉ. कनिष्क पांडे को सौंपी गई।

### जमशेदपुर एफसी ने एलेन को टीम से जोड़ा

**जमशेदपुर।** इंडियन सुपर लीग की फुटबॉल टीम जमशेदपुर एफसी ने 2023-24 सत्र से पहले सोमवार को सर्बिया के अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी एलेन स्टीवानोविच के साथ दो साल के करार की घोषणा की। इस 32 साल के खिलाड़ी का अब तक का सफर शानदार रहा है। उन्होंने इटली में इंटर मिलान की युवा टीम के साथ शुरुआत की और दिग्गज कोच जोस मोरिन्हो की देखरेख में इसकी सीनियर टीम में शामिल हुए। स्टीवानोविच इंटर मिलान की उस टीम का हिस्सा थे जिसने 2009-10 में मोरिन्हो के नेतृत्व में खिताब की हैट्रिक लगाई थी।

## क्रिकेट : पाक टीम ने दूसरे दिन स्टंप तक पांच विकेट पर बनाए 221 रन

# डिसिल्वा का टेस्ट में 10वां शतक पाकिस्तान ने की शानदार वापसी

एजेंसी ▶▶| गॉल

धनंजय डिसिल्वा के शतक और प्रबाथ जयसूर्या के झटकों से एक समय बैकफुट पर पहुंचा पाकिस्तान सौद शकील और आगा सलमान के बीच अटूट शतकीय साझेदारी से श्रीलंका के खिलाफ पहले टेस्ट क्रिकेट मैच के दूसरे दिन सोमवार को यहां वापसी करने में सफल रहा। डिसिल्वा के 122 रन की मदद से श्रीलंका ने अपनी पहली पारी में 312 रन का सम्मानजनक स्कोर बनाया। शकील (नाबाद 69) और सलमान (नाबाद 61) ने 120 रन की अटूट शतकीय साझेदारी निभाई जिससे पाकिस्तान दूसरे दिन का खेल समाप्त होने तक पांच विकेट पर 221 रन पर पहुंच गया।

बाएं हाथ के स्पिनर जयसूर्या ने अभी तक 83 रन देकर तीन विकेट लिए हैं। उन्होंने सलामी बल्लेबाज अब्दुल्ला शफीक (19), कप्तान बाबर आजम (13) और अनुभवी विकेट कीपर बल्लेबाज सरफराज अहमद (19) को पवेलियन भेजा। कासुन रजिता ने पारी के दूसरे ओवर में ही सलामी बल्लेबाज इमाम उल हक (एक) को आउट कर दिया था जबकि रमेश मेंडिस ने शान मसूद की 39 रन की तेजतर्रार पारी का अंत किया।



### श्रीलंका 300 रन पार

पाकिस्तान के तेज गेंदबाजों नसीम शाह और शाहीन अफरीदी ने मिलकर छह विकेट चटकाए लेकिन श्रीलंका डिसिल्वा के 10वें टेस्ट शतक से 300 रन के पार पहुंचने में सफल रहा। घुटने की चोट के कारण एक साल बाद वापसी कर रहे अफरीदी ने 86 जबकि नसीम ने 90 रन देकर तीन-तीन विकेट चटकाए। श्रीलंका ने रविवार को पहले सत्र में 54 रन पर चार विकेट गंवा दिए थे लेकिन उप कप्तान डिसिल्वा ने टीम का स्कोर 300 रन के पार पहुंचा दिया।



### गॉल में भी तीसरा शतक

दूसरे दिन 94 रन से आगे खेलने उतरे डिसिल्वा ने अफरीदी की गेंद पर एक रन के साथ पाकिस्तान के खिलाफ तीसरा शतक पूरा किया। यह उनका गॉल में भी तीसरा शतक है। पाकिस्तान ने विकेटों की तलाश में दूसरी नई गेंद ली तो नसीम ने प्रबाथ जयसूर्या को विकेटकीपर सरफराज अहमद के हाथों कैच करा दिया। डिसिल्वा भी 122 रन बनाने के बाद शान मसूद को कैच दे बैठे। उन्होंने 214 गेंद का सामना करते हुए 12 चौके और तीन छक्के मारे। कासुन रजिता (08) और विश्व फर्नांडो (नाबाद 21) ने अंतिम विकेट के लिए 29 रन जोड़े। रजिता लंच से पहले के अंतिम ओवर में आउट होने वाले अंतिम बल्लेबाज बने।

# कोनकाकाफ गोल्ड कप चैंपियन बना मैक्सिको



एजेंसी ▶▶| इंगलवुड

सेंटियागो गिमनेज के 88वें मिनट में दागे गोल की बदौलत मैक्सिको ने रविवार को यहां पनामा को 1-0 से हराकर रिकॉर्ड नौवीं बार कोनकाकाफ गोल्ड कप फुटबॉल टूर्नामेंट का खिताब जीता।

ओबेल्न पिनेडा ने शानदार पास देकर सर्कल के अंदर गेंद गिमनेज के पास पहुंचाई जिन्होंने फर्राटा लगाते हुए हेरोल्ड कमिंग्स और फिडेल एस्कोबार को पीछे छोड़ा और गोलीकपर ओरलैंडो मोस्क्वेरा को छकाकर टूर्नामेंट का अपना दूसरा और कुल चौथा गोल दागा। अर्जेन्टीना में जन्में गिमनेज इससे तीन मिनट पहले ही स्थानापन्न खिलाड़ी के रूप में मैदान में उतरे थे। टूर्नामेंट में मैक्सिको के खिलाफ सिर्फ दो गोल हुए। टीम ने जितनी बार यह टूर्नामेंट जीता है उतनी बार बाकी देशों ने मिलकर भी इस टूर्नामेंट को नहीं जीता है। अब तक अमेरिका सात बार और कनाडा एक बार गोल्ड कप खिताब जीत चुका है।

## भारतीय कुश्ती महासंघ का चुनाव फिर टला

**गुवाहाटी।** भारतीय कुश्ती महासंघ के विलंबित चुनाव को सोमवार को फिर से आगे बढ़ा दिया गया क्योंकि गुवाहाटी उच्च न्यायालय ने असम कुश्ती संघ द्वारा दायर याचिका पर सुनवाई की अगली तारीख 28 जुलाई तय की। डब्लूएफआई के चुनाव 11 जुलाई को होने थे लेकिन चुनाव प्रक्रिया में भाग लेने का अधिकार मांगने वाली असम कुश्ती संघ की याचिका के बाद गुवाहाटी उच्च न्यायालय ने इस पर रोक लगा दी थी। राज्य संघ ने दावा किया था कि वह मतदान के अधिकार के साथ डब्लूएफआई का सदस्य बनने का हकदार है, लेकिन 15 नवंबर 2014 को कार्यकारी समिति की सिफारिश के बावजूद राष्ट्रीय महासंघ ने उसे मान्यता देने से इनकार कर दिया था।

# अभिनव-गौतमी को जूनियर विश्व चैंपियनशिप में स्वर्ण

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

*अभिनव साव और गौतमी भनोट की भारतीय जोड़ी ने कोरिया के चांगवोन में आईएसएसएफ विश्व जूनियर निशानेबाजी चैंपियनशिप के दूसरे दिन 10 मीटर एयर राइफल मिश्रित टीम में स्वर्ण पदक जीता। भारतीय जोड़ी ने स्वर्ण पदक के मैच में ओशिएन मुलर और रोमेन औफ्रेरे की फ्रांसीसी जोड़ी को 17-13 से हराया।*

*भारत का प्रतियोगिता में यह तीसरा स्वर्ण पदक है जिससे वह पदक तालिका में दूसरे स्थान पर पहुंच गया है। उसने एक रजत और दो कांस्य पदक भी जीते हैं। चीन पदक तालिका में शीर्ष पर है। उसने भी भारत के बराबर ही स्वर्ण पदक जीते हैं लेकिन उसके नाम पर दो रजत पदक दर्ज हैं। भारत ने दूसरे दिन 10 मीटर एयर पिस्टल मिश्रित टीम स्पर्धा में भी कांस्य पदक जीता।*



## एमर्जिंग पुरुष एशिया कप के सेमीफाइनल में पहुंचा भारत

*कोलंबो। भारत ए ने सोमवार को यहां एसीसी पुरुष एमर्जिंग कप के अपने दूसरे मैच में नेपाल को नौ विकेट से करारी शिकस्त दी। सलामी बल्लेबाज अभिषेक शर्मा (87) और साई सुदर्शन (नाबाद 58) ने पहले विकेट के लिए 19 ओवर में 139 रन की साझेदारी की। नेपाल ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया लेकिन उसकी पूरी टीम 39.2 ओवर में 167 रन पर आउट हो गई। भारत ने महज 22.1 ओवर में एक विकेट के नुकसान पर लक्ष्य हासिल कर सेमीफाइनल का टिकट पक्का लिया। टीम ने ग्रुप चरण के अपने पहले मुकाबले में यूएई को आठ विकेट से हराया था। अब उसका सामना ग्रुप के आखिरी मैच में चिर-प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान ए से बुधवार को होगा। मैन ऑफ द मैच अभिषेक ने 69 गेंद की पारी में 12 चौके और दो छक्के जड़े जबकि सुदर्शन ने 52 गेंद की नाबाद पारी में आठ चौके और एक छक्का लगाया।*



# भारतीय महिला हॉकी टीम चीन से 2-3 से हारी

एजेंसी ▶▶| गॉल

**लिम्बर्ग।** भारतीय महिला हॉकी टीम के जर्मनी दौरे की शुरुआत निराशाजनक रही जब टीम को चीन के खिलाफ 2-3 से हार का सामना करना पड़ा। रविवार रात हुए मुकाबले में भारत के लिए नवनीत कौर ने 24वें और 45वें मिनट में गोल दागे जबकि चीन के लिए चेन जियाली (नौवें मिनट), झोंग जियाकी (45वें मिनट) और शू येनान (51वें मिनट) ने गोल किए।

दोनों टीम ने पहले क्वार्टर में सतर्क शुरुआत की। भारत को तीसरे ही मिनट में पेनल्टी कॉर्नर मिला लेकिन चीन की रक्षा पंक्ति ने इसे नाकाम कर दिया। इसके कुछ मिनट बाद भारत ने फाउल करके विरोधी टीम को पेनल्टी स्ट्रोक का मौका दिया। चीन ने इसका फायदा उठाकर जियाली के गोल की बदौलत नौवें मिनट में बढ़त हासिल कर ली।



नवनीत ने 24वें मिनट में मैदानी गोल दागकर भारत को बराबरी दिलाई। नवनीत ने 45वें मिनट में अपना दूसरा गोल दागकर भारत को 2-1 से आगे कर दिया।चीन ने हालांकि तुरंत बाद झोंग के पेनल्टी कॉर्नर पर दागे गोल से बराबरी हासिल कर ली। येनान ने 51वें मिनट में एक और गोल दागकर चीन को 3-2 से आगे किया जो निर्णायक स्कोर साबित हुआ।

# आगरा में ताजमहल तक पहुंचा यमुना का पानी



## दिल्ली के बाद मथुरा में नदी उफान पर, 52 घर डूबे, कुल्लू में बादल फटा, एक की मौत



**नई दिल्ली, (एजेंसी)।** दिल्ली में यमुना नदी का जलस्तर खतरे के निशान से नीचे आने के बाद एक बार फिर बढ़ने लगा है। इसकी वजह से उत्तर प्रदेश के आगरा-मथुरा के कुछ इलाकों में बाढ़ जैसे हालात बन गए हैं। यमुना का पानी आगरा में ताजमहल तक आ चुका है। मथुरा में यमुना डेंजर लेवल से 1 मीटर ऊपर बह रही है। इसके चलते नदी के आस-पास के मंदिरों के कपाट बंद कर दिए गए हैं। वहीं, 52 कॉलोनियों में भी पानी भर गया है। एनडीआरएफ ने अब तक 500 लोगों को सुरक्षित राहत शिविर में पहुंचाया है। इसके अलावा अभी भी बहुत सारे लोग बाढ़ में फंसे हुए हैं। सोमवार सुबह हिमाचल प्रदेश के कुल्लू के कायस गांव में बादल फट गया। इससे एक की मौत हो गई और तीन घायल हैं। नौ गाड़ियां पानी में बह गईं। कुल्लू के ही खराहल में भी आधी रात को बादल फटा, नाले में बाढ़ से नेउली स्कूल और कई घरों में पानी भर गया। एक गाड़ी भी चपेट में आई है। इधर, उत्तर रेलवे ने बताया कि अंबाला डिवीजन में जलजमाव के कारण 16 ट्रेनों को अस्थायी रूप से रद्द कर दिया गया है, दो ट्रेनों को शॉर्ट टर्मिनेट किया गया है।



### दिल्ली में बाढ़ से जुड़े खास बिंदू

- दिल्ली ट्रैफिक पुलिस ने कहा कि बाढ़ की स्थिति में कुछ सुधार होने पर भैरों मार्ग समेत कुछ सड़कें यातायात के लिए खोल दी गई हैं।
- दिल्ली में दो वाटर ट्रीटमेंट प्लांट से पानी निकाल लिया गया है और मशीनों को सुखाने की प्रक्रिया चल रही है। मंगलवार तक वाटर ट्रीटमेंट प्लाट चालू हो सकता है।
- एनडीआरएफ ने बताया कि बीते 2-3 दिनों में दिल्ली-एनसीआर के बाढ़ प्रभावित इलाकों से 912 पशुओं समेत 6,345 लोगों को बचाया गया। बचाए गए पशुओं में देश का सबसे महंगा बैल प्रीतम भी शामिल है। इसकी कीमत करीब एक करोड़ रुपए है।

# राम मंदिर में 5 साल के श्रीराम की मूर्ति लगेगी



## 1 हजार साल रिपेयरिंग की जरूरत नहीं: चंपत राय

**अयोध्या, (ब्यूरो)।** अयोध्या के राम मंदिर में 5 साल के भगवान राम के बालक रूप की मूर्ति लगेगी। जिसं 1 हजार साल रिपेयरिंग की जरूरत नहीं होगी। गर्भ गृह में मूर्ति की प्राण-प्रतिष्ठा 15 से 24 जनवरी 2024 के बीच किसी एक दिन की जाएगी। इसी साल, अक्टूबर तक मंदिर के ग्राउंड फ्लोर के काम पूरे कर लिए जाएंगे। फिर सिर्फ फिनिशिंग टच बचेगा। वह दिसंबर तक पूरा हो जाएगा। ये बातें श्रीरामजन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय ने कहीं। उन्होंने कहा- ग्राउंड फ्लोर पर प्रभु श्रीराम पूरे परिवार के साथ विराजेंगे। अभी तक की योजना में सेकंड फ्लोर में किसी भी प्रतिमा को स्थापित नहीं किया जाएगा। वह केवल मंदिर को ऊंचाई देने के लिए बनाया जाएगा। फिलहाल, अभी तक मंदिर निर्माण में 21 लाख घन फीट ग्रेनाइट, सैंड स्टोन और मार्बल का इस्तेमाल हो रहा है। चंपत राय ने बताया कि राम मंदिर की चौखट मार्बल की है। जबकि किवाड़ महाराष्ट्र की सागौन लकड़ी के हैं। उन पर नक्काशी का काम भी शुरू हो चुका है।

## रूस काला सागर की अनाज डील से अलग हुए पुतिन

**मास्को, (एजेंसी)।** रूस-यूक्रेन युद्ध के बीच रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने यूक्रेन को एक बड़ा झटका दिया है। रूस यूक्रेन को काला सागर से अनाज निर्यात की अनुमति देने वाले समझौते से बाहर हो गया है। रूस ने सोमवार को कहा है कि वो संयुक्त राष्ट्र की मध्यस्थता वाले काला सागर समझौते से हट रहा है, क्योंकि उसकी शर्तों को पूरा नहीं किया गया है। यह समझौता इसलिए भी बेहद अहम था क्योंकि इसके कारण वैश्विक खाद्य की कीमतों को 20 प्रतिशत तक कम रखने में मदद मिली थी। रूस और यूक्रेन बड़े स्तर पर गेहूं निर्यात करते हैं। रूस ने इस घोषणा से कुछ घंटे पहले ही कहा था कि क्रीमिया के उसके पुल पर हमला यूक्रेन ने किया था। क्रीमिया के 19 किमी लंबे पुल पर हमला अक्टूबर 2022 में हमला हुआ था।

## दारा सिंह भाजपा में फिर हुए शामिल

**लखनऊ, (ब्यूरो)।** मऊ जिले के घोसी विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक दारा सिंह चौहान सोमवार को सपा से किनारा कर फिर से भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) में शामिल हो गये। पार्टी के प्रदेश दफ्तर में भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी ने श्री चौहान को पार्टी की सदस्यता ग्रहण करायी। इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य मौजूद थे। इससे पहले श्री चौहान ने विधानभवन पहुंच कर विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना को औपचारिक रूप से अपना इस्तीफा सौंपा। वह शनिवार को अपना इस्तीफा ई मेल के जरिये विधानसभा को भेज चुके थे जिसकी तस्कीद खुद प्रमुख सचिव प्रदीप दुबे ने की थी।

## कोटा में एक और कोचिंग छात्र ने फांसी लगा कर दी जान

**कोटा, (एजेंसी)।** राजस्थान के कोटा में कोचिंग छात्रों की बढ़ती आत्महत्या की घटनाओं के बीच रविवार को एक और कोचिंग छात्र ने फांसी के फंदे से लटक कर आत्महत्या कर ली। मिली जानकारी के अनुसार राजस्थान के जालौर निवासी कोचिंग छात्र पुष्पेंद्र (17) नीट में प्रवेश की तैयारी के सिलसिले में करीब एक सप्ताह पहले ही पिछले ही कोटा आया था। बताया जाता है कि सोमवार को पुष्पेंद्र बिल्कुल ठीक-ठाक था और दिन भर अपनी रोजमर्रा के कामों में व्यस्त था लेकिन शाम को उसने अपने ममेरे भाई को नाश्ता लेने के बहाने जिद कर जबरन बाजार भेजा। जब ममेरा भाई वापस लौटा तो कमरे का दरवाजा अंदर से बंद था और बार-बार खटखटाने के बावजूद पुष्पेंद्र ने दरवाजा नहीं खोला तो उसने हॉस्टल के प्रबंधक को बुलाया प्रबंधक ने जब कमरे की खिड़की को खोल कर देखा तो पुष्पेंद्र पंखे से लटका हुआ नजर आया।

## आज का इतिहास

- **1290:** इंग्लैंड के किंग एडवर्ड ने यहूदियों के निष्कासन का आदेश दिया।
- **1630:** स्पेन के सैनिकों ने इटली के मंतुआ प्रांत पर कब्जा किया।
- **1743:** साप्ताहिक अखबार न्यूयार्क में दुनिया में पहली बार आधे पृष्ठ का विज्ञापन प्रकाशित हुआ।
- **1781:** यूके के ख्यात खगोल शास्त्री विलियम हरशल ने आकाश गंगा की वास्तविकता का पता लगाया।
- **1857:** बंबई विवि की स्थापना।
- **1872:** ब्रिटेन में चुनाव में गुप्त मतदान अधिनियम आया। इससे पहले मतदान खुले तौर पर किए जाते थे।
- **1918:** नोबेल प्राप्त दक्षिण अफ्रीका के पूर्व राष्ट्रपति नेल्सन मंडेला का जन्म।
- **1947:** ब्रिटिश संसद द्वारा पारित भारत स्वतंत्रता अधिनियम को ब्रिटेन के सम्राट द्वारा मंजूरी दी गई।
- **1951:** उरुग्वे ने संविधान स्वीकार किया।

# विपक्षी एकता मीटिंग के बीच तमिलनाडु के मंत्री पर छापा

## विदेशी मुद्रा समेत 60 लाख कैश बरामद

**चेन्नई, (एजेंसी)।** विपक्षी एकता के लिए चल रही बैठक के बीच तमिलनाडु के एक मंत्री के यहां ईडी का छापा पड़ा है। इस दौरान 60 लाख से ज्यादा की बरामदगी हुई है, जिसमें 10 लाख से अधिक विदेशी मुद्रा है। यह छापा डीएमके नेता और तमिलनाडु के उच्च शिक्षा मंत्री के पोनमुडी और उनके सांसद बेटे गौतम सिगामणि के यहां पड़ा है। जानकारी के मुताबिक ईडी ने मनी लांड्रिंग केस में यह छापेमारी पिता-पुत्र के चेन्नई और विल्लुपुरम स्थित घरों पर की है। सत्ताधारी डीएमके ने इस कार्रवाई को राजनीतिक हथकंडा बताया है। बता दें कि 72 वर्षीय मंत्री विल्लुपुरम जिले की तिरुक्कोयिलुर विधानसभा सीट से विधायक हैं।

**2007 से 2011 का मामला:** मनी लांड्रिंग केस का ताल्लुक उस वक्त से बताया जा रहा है जब पोनमुडी 2007 से 2011 के बीच प्रदेश के खनन मंत्री थे। उस दौरान खदान लाइसेंस की शर्तों के उल्लंघन के आरोप लगे थे। इससे सरकारी खजाने को करीब 28 करोड़ रुपए का नुकसान हुआ था। प्रदेश की पुलिस ने मंत्री और उनसे जुड़े लोगों के खिलाफ कथित भ्रष्टाचार के इन आरोपों की जांच के लिए एक शिकायत दर्ज की थी।

### पार्टी ने बताया राजनीतिक प्रतिशोध

गौरतलब है कि द्रमुक अध्यक्ष और मुख्यमंत्री एमके स्टालिन के बेंगलुरु में विपक्ष की बैठक में हिस्सा लेने पहुंचे हुए हैं। इन सबके बीच इस छापेमारी को लेकर डीएमके ने कहा कि स्टालिन के नेतृत्व में पार्टी भाजपा का मुकाबला करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। ऐसे में ईडी की कार्रवाई का उद्देश्य उसे डराना है। पार्टी प्रवक्ता ए सरवनन ने कहा कि यह राजनीतिक प्रतिशोध है और इसका उद्देश्य द्रमुक के संकल्प की परीक्षा लेना है। उन्होंने आरोप लगाया कि गुटखा कांड जैसे भ्रष्टाचार के मामलों में अन्नाद्रमुक नेताओं के खिलाफ केंद्र सरकार की ओर से कोई कार्रवाई नहीं की गई है। ईडी ने हाल ही में मुख्यमंत्री एमके स्टालिन के मंत्रिमंडल के एक अन्य मंत्री के खिलाफ इसी तरह की कार्रवाई शुरू की थी, जब उसने परिवहन मंत्री सेंथिल बालाजी को कथित तौर पर नौकरियों के बदले नकदी से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में गिरफ्तार किया था।



### पोनमुडी और सिगामणि को पूछताछ के लिए ईडी कार्यालय ले जाया गया

**तमिलनाडु** में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की 13 घंटे की लंबी छापेमारी के बाद राज्य के उच्च शिक्षा मंत्री और द्रविड़ मुनेत्र कड़गम (द्रमुक) के वरिष्ठ नेता के. पोनमुडी और उनके बेटे सांसद गौतम सिगामणि को पूछताछ के लिए सोमवार की रात ईडी कार्यालय ले जाया गया। चेन्नई शहर में मंत्री के आवास और उनके पैतृक विल्लुपुरम जिले में उनके और उनके बेटे से जुड़े स्थानों पर छापे के बाद, श्री पोनमुडी और श्री गौतम सिगामणि को पूछताछ के लिए शास्त्री भवन में ईडी कार्यालय ले जाया गया। श्री पोनमुडी और उनके बेटे को शहर में उनके सैदापेट आवास से ले जाया गया, जहां सुबह सात बजे से तलाशी ली गई। छापे लगभग छह स्थानों पर मारे गए, जिनमें उनसे जुड़े व्यावसायिक परिसर और उनके करीबी रिश्तेदारों और सहयोगियों के घर भी शामिल है। रिपोर्टों में कहा गया है, केंद्रीय रिजर्व अर्धसैनिक बल के जवानों की तैनाती के साथ की गई छापेमारी के दौरान, कुछ नकदी और आपत्तिजनक दस्तावेज जब्त किए गए थे। श्री पोनमुडी को उपलब्ध साक्ष्यों के आधार पर आगे की पूछताछ के लिए ईडी कार्यालय ले जाया गया।

# सीएम और एलजी आप दोनों संवैधानिक पदों पर है, लड़ाई-झगड़े से ऊपर उठिए

*सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट ने कहा- दोनों साथ बैठें और डीईआरसी के चेयरमैन का नाम तय कर हमें बताएं*

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को अरविंद केजरीवाल सरकार की दो याचिकाओं पर एक साथ सुनवाई की। पहली याचिका दिल्ली इलेक्ट्रिसिटी रेगुलेटरी कमीशन (डीईआरसी) के अध्यक्ष पद पर नियुक्ति को लेकर थी। दूसरा मामला दिल्ली में अफसरों के ट्रांसफर-पोस्टिंग को लेकर केंद्र सरकार के अध्यादेश के खिलाफ था।

सीजेआई डीवाई चंद्रचूड़, जस्टिस पीएस नरसिम्हा और जस्टिस मनोज मिश्रा की बेंच ने कहा- दिल्ली सरकार और उप-राज्यपाल वीके सक्सेना मिलकर डीईआरसी के चेयरमैन का नाम तय करें। कोर्ट ने कहा- एलजी और मुख्यमंत्री दोनों ही संवैधानिक पदों पर हैं। इन लोगों को लड़ाई-झगड़े से ऊपर उठना चाहिए। दोनों साथ बैठें और डीईआरसी के चेयरमैन का नाम तय कर हमें बताएं। इसके अलावा कोर्ट ने दिल्ली में अफसरों के ट्रांसफर-पोस्टिंग को लेकर केंद्र सरकार के अध्यादेश के खिलाफ सुनवाई की।

सीजेआई चंद्रचूड़ ने कहा- हम यह मामला पांच जजों के संविधान पीठ को भेजना चाहते हैं। फिर संविधान पीठ तय करेगा कि क्या केंद्र इस तरह संशोधन कर सकता है या नहीं? इस पर केंद्र ने सुप्रीम कोर्ट में हलफनामा दायर करते हुए कहा कि संविधान का आर्टिकल 246(4) संसद को भारत के किसी भी हिस्से के लिए और किसी भी मामले के संबंध में कानून बनाने का अधिकार देता है जो किसी राज्य में शामिल नहीं है।



### एलजी ने कहा था- वीडियो कॉन्फ्रेंस से शपथ कराएं

एलजी वीके सक्सेना ने शपथ ग्रहण के संबंध में दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को पत्र लिखा था। उन्होंने कहा था कि दिल्ली की ऊर्जा मंत्री आतिशी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए उमेश कुमार का शपथ ग्रहण कराएं या फिर अरविंद केजरीवाल या उनका कोई मंत्री ये औपचारिकताएं पूरी करे। नहीं तो चीफ सेक्रेटरी को ये फॉर्मेलिटीज पूरी करने के लिए कहा जा सकता है।

## कुमार विश्वास की पत्नी मंजू शर्मा रिश्वत मामले में घिरीं

जयपुर, (एजेंसी)। राजस्थान लोक सेवा आयोग की ईओ परीक्षा में पास करवाने के बदले लाखों रुपये की रिश्वत लेते गिरफ्तार किए गए कांग्रेस नेता गोपाल केसावत की गिरफ्तारी के बाद आयोग की सदस्य मंजू शर्मा भी आरोपों के घेरे में आ गई हैं। आरपीएससी की सदस्य मंजू शर्मा प्रसिद्ध कवि कुमार विश्वास की पत्नी हैं। उनके साथ ही आयोग की एक अन्य सदस्य संगीता आर्य भी जांच के घेरे में है। इन दोनों का नाम एसीबी की तरफ से दर्ज की गई एफआईआर में शामिल किया गया है। परिवादी ने आरोपियों पर इन दोनों के नाम से रिश्वत लेने का आरोप लगाया है। एसीबी मंजू शर्मा और संगीता आर्य की भूमिका की जांच कर रही है। वहीं इस मामले में मंजू शर्मा का नाम आने के बाद इस पर अब सियासत और गरमा गई है।

## अमेरिका ने भारत को लौटाई 105 प्राचीन कलाकृतियां









**नई दिल्ली, (एजेंसी)।** अमेरिका ने सोमवार को भारत को 105 प्राचीन कलाकृतियां सौंप दी हैं। न्यूयॉर्क में हुए एक समारोह में भारतीय दूतावास को ये कलाकृतियां सौंपी गई। ये कलाकृतियां चोरी और तस्करी के चरिए अमेरिका पहुंच गई थीं। जून में हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अमेरिकी दौरे में ही इसका फैसला हो गया था। बता दें कि भारत की सांस्कृतिक और आध्यात्मिक विरासत को पुनर्जीवित करने के प्रयास के तहत प्राचीनकालीन वस्तुओं को वापस लाए जाने की कोशिशें की जा रही हैं।

## Filmiअड्डा

## शाहरुख की हीरोइन बनीं नयनतारा




मुंबई। बॉलीवुड एक्टर शाहरुख खान अपनी अपकमिंग फिल्म 'जवान' को लेकर चर्चा में हैं। इस फिल्म में शाहरुख के अलावा साउथ एक्ट्रेस नयनतारा भी हैं। नयनातारा इस फिल्म से बॉलीवुड में एंट्री करने वाली हैं। साउथ क्वीन अपनी खूबसूरत और ग्लैमर का तड़का लगाएंगी। नयनतारा की जोड़ी रोमांस के किंग शाहरुख खान के साथ बनी हैं। हाल में शाहरुख ने 'जवान' का नया पोस्टर शेयर किया है। इसमें नयनतारा एकदम बॉस लेडी लुक में नजर आ रही हैं। एक्ट्रेस का ये दमदार लुक देख फैंस भी शॉक्ड रह गए हैं। शाहरुख खान ने अपने इंस्टाग्राम पर जवान का ये नया पोस्टर शेयर किया है। पोस्टर में नयनतारा आंखों पर काला चश्मा चढ़ाए एकदम पावरफुल लुक में दिख रही हैं। एक्ट्रेस ने ब्लैक कमांडो यूनिफॉर्म पहनी है और हाथ में राइफल लिए हुए एक्शन मोड में दिख रही हैं। शाहरुख ने पोस्टर शेयर करते हुए कैप्शन में फैंस से तूफान के लिए तैयार रहने की वॉर्निंग दी है। एसआरके ने लिखा- वो तूफान आने से पहले की तबाही है...तैयार हो जाइए #जवान #नयनतारावहीं जवान से नयनतारा का लुक देखकर फैंस को पठान से दीपिका पादुकोण के पोस्टर की याद आ गई। पठान में दीपिका पादुकोण भी हाथ में रिवॉल्वर लिए एक्शन मोड में नजर आई थीं। दीपिका ने इस फिल्म में जबरदस्त स्टंट किए थे। फिल्म 1000 करोड़ कमाई के साथ ब्लॉकबस्टर हिट रही थी। दीपिका 'जवान' में भी कैमियो रोल करते नजर आएंगी। इससे पहले जवान के मेकर्स ने फिल्म का प्रीव्यू ट्रेलर रिलीज किया था। ट्रेलर रिलीज होते ही ये यूट्यूब पर हिट हो गया था।

## अनुपम खेर ने सिर पर बनवाया टैटू, सिर पर बाल वाले लोगों को दिया ये ताना!



**मुंबई।** अनुपम खेर बॉलीवुड के दमदार एक्टर्स में से एक हैं। एक्टर ने बॉलीवुड को कई हिट फिल्में दी हैं। हाल ही में अनुपम खेर ने अपनी 538वीं फिल्म की अनाउंसमेंट की थी जिसमें वे रबीन्द्रनाथ टैगोर का रोल प्ले करने वाले हैं। अनुपम सोशल मीडिया पर बहुत एक्टिव रहते हैं और आए दिन अपने फैंस के साथ लाइफ अपडेट शेयर करते रहते हैं। ऐसे में अब एक्टर ने अब इंस्टाग्राम पर एक न्यू वीडियो अपलोड किया है। शेयर की गई वीडियो में देखा जा सकता है कि एक्टर ने अपने सर पर एक जबरदस्त टैटू बनवाया है। एक्टर ने नीडियो शेयर करते हुए कैप्शन में लिखा है 'बाल वालों को बहुत गर्व है कि वो अपने बालों के साथ बहुत कुछ कर सकते है!! पर क्या वो ये कर सकते है?? हरगिज नहीं!!' लोग अनुपम की वीडियो पर खूब कमेंट कर रहें हैं। एक यूजर ने कमेंट करते हुए आर्टिस्ट की तारीफ की 'बात जो भी हो बनाने वाले ने क्या खूब बनाया है।'

# टोल प्लाजा पर महिला की गुंडई का वीडियो वायरल

### बाल नोंचा, मुंह दबाया फिर कुर्सी से नीचे पटक दिया

**नोएडा, (एजेंसी)।** ग्रेटर नोएडा में टोल कर्मियों के साथ बदसलूकी का एक और मामला सामने आया है। एक महिला ने दंबगई दिखाते हुए महिला टोल कर्मचारी के साथ मारपीट और गाली-गलौज की है। आरोप है कि उक्त महिला ने टोल शुल्क मांगने पर टोल बूथ में घुसकर महिला कर्मचारी के साथ मारपीट की है। यह पूरी वारदात वहां पर लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। शिकायत के आधार पर पुलिस ने आरोपित महिला को हिरासत में ले लिया है। घटना दादरी थाना क्षेत्र के लुहारली टोल प्लाजा की है। महिला टोल कर्मी के साथ मारपीट और गाली-गलौज का 49 सेकंड का यह वीडियो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा है। वीडियो में देखा जा सकता है कि टोल प्लाजा पर



आरोपी महिला ने दबंगई दिखाते हुए टोल केबिन में घुसकर महिला कर्मी को डराया-धमकाया और उसके बाल नोंचे, मुंह दबाया और फिर कुर्सी से नीचे पटक दिया।

# नशे के खिलाफ हमारी जीरो टॉलरेंस की नीति: शाह

### देशभर में 2400 करोड़ की ड्रग्स नष्ट की



**बेंगलुरु, (एजेंसी)।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने सोमवार को बेंगलुरु में ड्रग्स तस्करी और नेशनल सिक्योरिटी पर क्षेत्रीय सम्मेलन की अध्यक्षता की। सम्मेलन में दक्षिण के पांच और तीन केंद्र शासित प्रदेशों के डेलीगेट्स शामिल हुए। इस दौरान देश के अलग-अलग हिस्सों में 1,235 करोड़ रुपए की 9,298 किलो ड्रग्स को नष्ट किया गया। अमित शाह ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए इसकी निगरानी की। सम्मेलन में शिवमोग्गा में एक यूनिवर्सिटी खोलने के लिए नेशनल डिफेंस यूनिवर्सिटी और कर्नाटक सरकार के बीच एक डील भी साइन हुई। सम्मेलन को संबोधित करते हुए अमित शाह ने कहा कि पीएम मोदी के नेतृत्व में सरकार ने नशा मुक्त भारत बनाने के लिए नशे के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाई है। वे बोले- 75 दिनों में 8409 करोड़ की ड्रग्स नष्ट की गई।

# सर्विलांस सेल ने किया 86 मोबाइल बरामद, लोगों ने मोबाइल पाकर किया फीलगुड



प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। पुलिस अधीक्षक जनपद गाजीपुर के आदेशानुसार गुमशुदा मोबाइल की बरामदगी हेतु चलाये जा रहे अभियान के अन्तर्गत अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण व नगर और समस्त क्षेत्राधिकारीगण के कुशल मार्गदर्शन में सर्विलांस सेल द्वारा गुमशुदा मोबाइल के संबंध में प्राप्त प्रार्थना पत्रों पर बड़ी कार्यवाही करते हुए 86 अदद गुमशुदा मोबाइल फोन बरामद किया गया जिनका विवरण क्रमशः अनंता सिंह, सुमन यादव, माला देवी, सोनी कुमारी रुस्तम अंसारी, ओमकारनाथ राम, मो० असलम राईनी, दुर्गेश यादव, प्रिन्स कुमार जायसवाल, संजय सिंह, अवधेश कुमार पाल, रामविलास, संतोष कुमार, ओम प्रकाश राजभर, हरिशंकर राय, रामअशीष बिन्द, संदीप कुमार गुप्ता, विशाल यादव, अमित गुप्ता, धीरज सिंह, विजेन्द्र कुमार गौतम, पंकज कुमार, राजेश यादव, नितेश सिंह, विनोद कुमार सिंह, पंचम यादव, अजय कुशवाहा, रामचन्दर यादव, देवेन्द्र कुमार, हिमांशु यादव, दीपक कुमार राय, रविशंकर गिरि, संतोष कुमार गुप्ता, मनोज कुमार, छांगुर, अजीत कुमार, इरफान अंसारी, शिवपूजन राम, हनुमान कुमार बिन्द, बृजेश गुप्ता, राजू वर्मा, अरविन्द सिंह यादव, मुन्ना सिंह, लालजी भारद्वाज, वेदप्रकाश गुप्ता, ओमप्रकाश चौहान, रीकेश यादव, पंकज कुमार, उमाकान्त पाण्डेय, राजकुमार बिन्द, मनोज कुमार सिंह, राहुल कुमार, नन्दलाल, दीपक सिंह यादव, सुजीत कुमार, विजय बहादूर सिंह, राजीव यादव, सुनील यादव, आजाद सिंह, अचुत्तम पाण्डेय, सर्वेश राजभर, प्रिन्स कुमार सिंह, अजीत सिंह यादव, अरुण कुमार, अंशु यादव, बृजेश यादव, अनुप कुमार, जुकेश कुमार प्रजापति, सुनील, विक्की कुमार आदित्य कुमार, शिव कुमार, सिधार्थ कुमार, शलेन्द्र प्रताप, गणेश प्रसाद, अजय यादव, सुर्यभान बलवन्त राधेश्याम कुशवाहा, राहुल गुप्ता, अजय कुमार, पंकज कुमार, नागेन्द्र यादव, संजय कुमार, राहुल कुमार, राजकरन राम आदि । सर्विलांस सेल द्वारा जनपद के विभिन्न थाना क्षेत्रान्तर्गत उक्त सभी गुमशुदा मोबाईल फोन बरामद कर आज मंगलवार को आवेदकों को सुपुर्द किया गया। उक्त बरामद मोबाईलों की अनुमानित कीमत लगभग 25व्लाख रुपये है। प्राप्त प्रार्थना पत्रों के आवेदकों द्वारा अपार प्रसन्नता व्यक्त करते हुये पुलिस अधीक्षक गाजीपुर व सर्विलास सेल टीम को धन्यवाद प्रकट करते हुये भूरि-भूरि प्रशंसा की गयी। बरामदकर्ताओ में उप निरीक्षक रामाश्रय राय प्रभारी स्वाट टीम, जनपद गाजीपुर, प्रमारी सर्विलांस सेल क्राईम ब्रान्च जनपद गाजीपुर, मु०आ० संजय कुमार पटेल सर्विलांस सेल, क्राइम ब्रान्च गाजीपुर, मु0आ0 संजय सिंह राजावत, सर्विलांस सेल का ब्रांच गाजीपुर, संजय प्रसाद, सर्विलांस सेल क्राईम ब्रांच, गाजीपुर, मु0आ0 दिनेश कुमार सर्विलांस सेल क्राईम ब्रान्च गाजीपुर, मु0आ0 सूरज सिंह, सर्विलांस सेल क्राईम ब्रान्च गाजीपुर, मु0आ0 विकास श्रीवास्तव सर्विलांस सेल क्राईम ब्रान्च गाजीपुर, मु0आ0 विनय यादव, स्वाट टीम क्राइम ब्रांच गाजीपुर, मु0 आ0 शैलेन्द्र यादव स्वाद क्राइम ब्रान्च गाजीपुर, मु0आ0 सुजीत सिंह स्वाट टीम क्राइम ब्रान्च गाजीपुर, मु०आ० आशुतोष सिंह, स्वाट टीम क्राइम ब्रांच गाजीपुर, आ0 चन्द्रमणि त्रिपाठी स्वाट टीम क्राईम ब्रांच गाजीपुर, आ0 अजय प्रसाद स्वाट टीम क्राईम ब्रान्च गाजीपुर, आ0 जय सिंह स्वाट टीम क्राईम ब्रांच गाजीपुर, आ0 राजेश कुमार स्वाट टीम क्राईम ब्रान्च गाजीपुर, आ0 प्रमोद कुमार स्वाट टीम क्राईम ब्रान्च गाजीपुर शामिल रहे।

# समाजसेवी विजय त्रिपाठी रोटरी क्लब वाराणसी उदय के नए अध्यक्ष निर्वाचित



प्रखर पूर्वान्चल वाराणसी। रोटरी क्लब वाराणसी उदय के नए बोर्ड का प्रतिष्ठापन एवं शपथ ग्रहण समारोह कैन्टोमेंट स्थित एक होटल में हुआ इस अवसर पर पूर्व अध्यक्ष ने अपन कॉलर, सत्र 2023-24 के अध्यक्ष विजय त्रिपाठी को पहनाकर अध्यक्ष पद की जिम्मेदारी सौंपी अध्यक्ष विजय त्रिपाठी ने अपनी नयी टीम की घोषणा करते हुए कहा की भविष्य में भी रोटरी उदय द्वारा चलाये जा रहे सामाजिक कार्यों को जारी रखा जायेगा` समारोह के मुख्य अतिथि वाराणसी के महापौर अशोक तिवारी ने सभी नव निर्वाचित पदाधिकारियों को शुभकामनाएं देते हुए रोटरी उदय के द्वारा किये जा रहे नेक कार्यों की प्रशंसा की विशिष्ठ अतिथि वनाधिकारी संजीव सिंह ने अपने उद्बोधन में रोटरी सदस्यों का आह्वाहन किया, की वह पर्यावरण के विकास के लिए अधिक से अधिक कार्य करें` रोटरी अध्यक्ष विजय त्रिपाठी ने कहा की वन विभाग के सहयोग से शहर में ट्री गार्ड सहित वृहद् पौधारोपण किया जायेगा और प्लास्टिक मुक्त शहर अभियान चलाया जायेगा कार्यक्रम का संचालन संस्थापक अध्यक्ष सचिन मिश्र और सहयोग प्रिय मिश्रा ने किया इस अवसर पर क्लब सचिव सुजीत अधिकारी, अंजू त्रिपाठी, शुभम जायसवाल, डॉ.विद्या सागर पाण्डेय, डॉ. आकाश बरनवाल, डॉ. नन्द जी सिंह, डॉ. शशि रेखा, रविशंकर सिंह, विरेन्द्र कुमार, आदित्य दुबे, आयुष चौरसिया, जयदीप शुक्ल, धर्मेन्द्र त्रिपाठी, पियूष मिश्र, सीमा सुखीजा,अलोक त्रिपाठी, विनय अगरवाल, सुषमा गुप्ता, शैलेन्द्र सिंह, सौरभ मिस्त्र, सुमित पाठक सहित अनेक गणमान्य उपस्थित रहे।

# पुलिस मुठभेड़ में 25 हजार का इनामिया व वांछित घायल, एक अन्य साथी सहित गिरफ्तार



प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। पुलिस अधीक्षक गाजीपुर के आदेश के क्रम में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण के कुशल मार्गदर्शन में तथा क्षेत्राधिकारी मोहम्मदाबाद के निकट पर्यवेक्षण में सोमवार की रात्रि में थानाध्यक्ष करीमुद्दीनपुर द्वारा मय पुलिस टीम के गांधीनगर में चेकिंग की जा रही थी कि चेकिंग के दौरान एक बोलेरो सवार दो बदमाशों द्वारा पुलिस पार्टी पर जान से मारने की नीयत से फायर करते हुए भागने का प्रयास किया गया जिन्हें घेराबंदी कर आत्मरक्षार्थ पुलिस द्वारा की गयी जवाबी फायरिंग में एक बदमाश पप्पू उर्फ अली अहमद जो थाना करीमुद्दीनपुर में पूर्व के गो-वध के मुकदमे में वांछित व 25,000 का इनामिया भी है के पैर में गोली लगी जिससे वह घायल हो गया तथा दूसरा साथी भी मौके से गिरफ्तार कर लिया गया । घायल बदमाश को प्राथमिक उपचार हेतु स्वास्थ्य केन्द्र भेजा गया। जिसके सम्बन्ध में स्थानीय थाने पर धारा 307 भादवि 3/25 आर्म्स एक्ट को व 3/5ए/8/5 गो0नि0 अधि0 थाना करीमुद्दीनपुर जनपद गाजीपुर में पंजीकृत कर अन्य विधिक कार्यवाही की जा रही है। गिरफ्तार अभियुक्तों में पप्पू उर्फ अली अहमद पुत्र इकबाल नट निवासी ग्राम रसूलपुर व्यवहारा थाना मुबारकपुर आजमगढ़ उम्र करीब 29 वर्ष, जिस पर विभिन्न थानों में 11 दर्ज.है। तथा साथ में छोटू नट पुत्र जुम्मन नट नि0 गौरी थाना गंभीरपुर जनपद आजमगढ़ उम्र करीब 25 वर्ष, जिस पर 3 मुकदमे दर्ज हैं।

## 95 बटालियन केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल एवं सृजन सामाजिक विकास न्यास के संयुक्त तत्वधान में किया गया वृहद पौधरोपण

प्रखर वाराणसी। 18 जुलाई को सौरभ श्रीवास्तव कैंट विधायक के अगुवाई में प्रधानमंत्री के संसदीय कार्यालय के सामने पार्क एवं रोड के किनारे तथा महामना वाटिका में वृहद पौधरोपण किया गया साथ-साथ पौधों को वितरित भी किया गया, गंगा हरीतिमा अभियान के ब्रांड एंबेसडर सृजन सामाजिक विकास न्यास के अध्यक्ष अनिल कुमार सिंह के मिशन एक करोड़ पौधरोपण के तहत,श्री अनिल कुमार बृक्ष कमांडेंट 95 बटालियन के देखरेख एवं सहायक कमांडेंट अभिषेक कुमार सिंह के नेतृत्व में प्रधानमंत्री के संसदीय कार्यालय के सामने रोड पर पार्क में एवं महा मना वाटिका में बृहद रूप से पौधरोपण किया गया तथा तथा वहां पर उपस्थित आम जनमानस को एवं पौधें भी वितरित किये गये एवं स्वच्छता अभियान भी चलाया गया साथ साथ जन जागरुकता रैली भी निकाली गयी।इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्री सौरभ श्रीवास्तव कैंट विधायक थे तथा विशिष्ट अतिथि श्री शिवशरण पाठक प्रभारी वाराणसी प्रधानमंत्री संसदीय कार्यालय थे। मुख्य अतिथि महोदय ने प्रधानमंत्री जी के नाम से एक पाकड़ का वृक्ष भी लगाया और सभी जवानों ऑफिसररो,राह गिरोह, आम जनमानस से प्रकृति को हरा-भरा बनाए रखने के लिए वार्षिक शुभ अवसरों पर एक एक पौधे लगाने की लिए एवं प्रदूषणमुक्त बनाए रखने के लिए अपने जन्मदिन शादी के सालगिरह एवं अन्य शुभ अवसरों पर कम से कम एक वृक्ष लगाने के लिए अपील की। प्रधानमंत्री संसदीय कार्यालय के सामने पौधरोपण साथ साथ एक एक पौधे भी वितरित किए गये एवं उसे संरक्षित करने के लिए अनिल कुमार सिंह ब्रांड अम्बेसडर पर्यावरण विभाग उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा सपथ भी दिलाई गयी।कार्यक्रम में 95 बटालियन के निरीक्षक नारायण प्रसाद, एवं प्रवीण सिंह के साथ 95 बटालियन की पूरी टीम, सुनील धानुका, ऋषभ धानुका, सृजन समाजिक विकास न्यास विकास के सदस्यगण तथा आम जनमानस ने बढ़ चढ़कर भाग लिया।

## मरकजी मोहर्रम कमेटी ने सौंपा ज्ञापन

प्रखर जौनपुर। मोहर्रम का आगाज होने वाला है इसके तहत मरकजी मोहर्रम कमेटी के अध्यक्ष सैयद शहंशाह हुसैन रिजवी एडवोकेट के नेतृत्व में कमेटी के तमाम लोगों ने सिटी मजिस्ट्रेट से मुलाकात की और तमाम अव्यवस्थाओं को दुरुस्त करने की मांग की मेहदी रजा ऐडवोकेट, मोहम्मद साहिल, तहजीब उल हसन, डब्ल्यू मेहंदी आदि की मौजूदगी में कमेटी के लोगों ने सिटी मजिस्ट्रेट से को ज्ञापन देते हुए कहा कि 2 महीना 8 दिन तक बिजली की व्यवस्था में सुधार किया जाए। अमृत योजना के तहत जिन इलाकों में कार्य चल रहा है यदि वहां पर गड्ढा है तो उसे पाटा जाए। बड़े जुलूस में एंबुलेंस और महिला व सुरक्षाबलों की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए शहर में कई जगहों पर जगह पर इमामबारगाह वा अन्य जगह पर जुलूस निकलते हैं उन स्थानों पर स्ट्रीट लाइट खराब है उन्हें दुरुस्त किया जाए। सिटी मजिस्ट्रेट ने कमेटी के लोगों को आश्वासन दिया है कि उनकी मांगों पर गौर किया जाएगा और तमाम व्यवस्थाओं को दुरुस्त कर दिया जाएगा।

# भारत सरकार की सचिव मीता राजीवलोचन ने पूरे भारतवर्ष के संपूर्ण गांव में स्थापित होने वाले अमृत वाटिका का किया शुभारंभ



प्रखर पूर्वान्चल वाराणसी। युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, युवा मामले, भारत सरकार की सचिव मीता राजीवलोचन ने मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम के अंतर्गत पूरे भारतवर्ष के संपूर्ण गांव में स्थापित होने वाले अमृत वाटिका का शुभारंभ बीएचयू के मालवीय मूल्य अनुशीलन केंद्र परिसर में वृक्षारोपण कर किया` इस अवसर पर प्रधानमंत्री जी के पंच पंचप्राण विकसित भारत का निर्माण, गुलामी की हर सोच से मुक्ति, विरासत पर गर्व, एकता-एकजुटता एवं नागरिक कर्तव्य की सभी को शपथ दिलाई इस अवसर पर नेहरू युवा केंद्र के विभिन्न गांव से युवा मंडलों के कार्यकताओं को संबोधित करते हुए कहा कि अब समय आ गया है कि हम अपने परंपरागत जल स्त्रोतों को संरक्षित करें उनके प्रयोग पर बल दें तथा अधिक से अधिक वृक्षारोपण कर धरती को हरा-भरा कर पर्यावरण संरक्षित करे उन्होंने जनपद के नेहरू युवा केंद्र एवं एनएसएस के युवाओं का उत्साह देखकर कहा कि अब हमें पूरा विश्वास हो गया है कि मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम के अंतर्गत अमृत वाटिका का सपना साकार हो जाएगा उन्होंने शहीदों के सपनों के अनुरूप भारत के नव निर्माण के लिए स्वतंत्रता सेनानियों एव देश की सुरक्षा में लगे सैनिकों को भी इस अभियान में जोड़ने के उद्देश्य से उन्होंने अवकाश प्राप्त कर्नल रंजीत उपाध्याय 1965 एवं 1971 के भारत-पाक युद्ध में अपना पराक्रम दिखाये थे उनसे पौधारोपण कराई तथा अंग वस्त्र से सम्मानित की इस अवसर पर नेहरू युवा केंद्र संगठन उत्तर प्रदेश के क्षेत्रीय निदेशक श्रीकांत पांडे, प्रभागीय निदेशक संजीव सिंह, अनिल सिंह , मालवीय मूल्य अनुशीलन केंद्र के निदेशक ,डॉ दिनेश तिवारी प्राध्यापक, एनएसएस के को- ऑर्डिनेटर डा.बाला लखेंद्र ,जिला युवा अधिकारी संजीव सिंह, लेखा एवं कार्यक्रम सहायक सुभाष चंद्र प्रसाद, रेंजर दिवाकर दुबे, वन विभाग के अधिकारीगण, यूनियन बैंक के अधिकारगण, नेहरू युवा केंद्र के स्वयंसेवक तथा युवा मंडलों के पदाधिकारी उपस्थित रहे। नेहरू युवा केंद्र वाराणसी के उपनिदेशक कपिल देव ने सभी के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया।

# मार्कंडेय महादेव मंदिर बनेगा पर्यटन का केंद्र : महेंद्र नाथ पाण्डेय

### केंद्रीय मंत्री ने 2 करोड़ 44 लाख के कार्यों का किया लोकार्पण व शिलान्यास, एक करोड़ 62 लाख 45 हजार से चार कमरों के नये भवन की आधारशिला रखी, कैथी डाक बंगला आयोजित कार्यक्रम में 96 लाख से 22 कार्यों का लोकार्पण



प्रखर दानगंज वाराणसी। केंद्रीय मंत्री व चंदौली सांसद डॉ. महेंद्रनाथ पांडेय ने सोमवार को अपने संसदीय क्षेत्र को पांच करोड़ से अधिक रुपये की सौगात दी। उन्होंने कैथी स्थित डाक बंगला का विस्तार करते हुए एक करोड़ 62 लाख 45 हजार रुपये से प्रस्तावित चार कमरों के नये भवन की आधारशिला रखी है। केंद्रीय मंत्री ने कैथी स्थित डाक बंगला में आयोजित लोकार्पण व शिलान्यास समारोह में कहा कि मार्कंडेय महादेव धाम जल्द ही पर्यटन का बड़ा केंद्र बनकर उभरेगा। सोमवार की रात अतिथि भवन के साथ 2 करोड़ 44 लाख रुपये की लागत से परियोजनाओं का वैदिक मंत्रोच्चार से शिलान्यास किया गया। अतिथि भवन में चार वीआईपी सुइट, ड्राइंग हाल, मीटिंग हाल, किचन, वाहन पार्किंग, चालक रूम, नौकर रूम के साथ अन्य सुविधाएं होंगी। बाद में कमरों की संख्या बढ़ाई जाएगी। सांसद निधि से 31 लाख रुपये से विविध कार्य व 49 लाख से दो सड़कों का भी शिलान्यास किया गया है। वहीं अजगरा विधानसभा क्षेत्र के लिए दो करोड़ बारह लाख 43 हजार से आठ विभिन्न मार्गों लोकार्पण व शिलान्यास किया गया। इसके अलावा 96 लाख 72 हजार रुपये से 18 हाई मास्क, एक विद्यालय में वाटर कूलर, चोलापुर सीएचसी में अल्ट्रासाउंड मशीन, दो इंडिया मार्का हैंडपंप सहित कुल 22 परियोजनाओं का लोकार्पणद्द किया गया। इस मौके पर विधायक त्रिभुवन राम, जय प्रकाश पांडेय, श्रीनिकेतन मिश्रा, आशीष दूबे, अंजनी पांडेय, मंजीत सिंह, चंद्रशेखर सिंह आदि रहे। इसके बाद केंद्रीय मंत्री ने मार्कंडेय महादेव मंदिर में जाकर जलाभिषेक किया। व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

## शीएट वाराणसी ने बिमटेक अटल इक्यूवेशन नोएडा के साथ MOU पर किया हस्ताक्षर



प्रखर वाराणसी। उद्यमिता का उद्गम एवं विकास सामाजिक आर्थिक पर्यावरण से होता है। जहाँ एक ओर सामाजिक पर्यावरण उद्यमी को कार्य करने एवं विकसित करने का क्षेत्र एवं सुअवसर प्रदान करता है। वही दूसरी ओर उपयुक्त आर्थिक पर्यावरण उद्यमी को आवश्यक संसाधन प्रदान करता है। जिसके परिणाम स्वरुप उद्यमी उत्रोत्तर प्रगति के पथ पर अग्र्रसर होता है। इसी मुख्य धारा के साथ शीएट कालेज इंजी0 वाराणसी ने बिरला इंस्टीट्यूट आफ मैनेजमेन्ट एण्ड टेक्नोलाजी के अटल इनक्यूवेशन सेंन्टर के साथ दिनांक-18.07.2023 को समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किया। इस सहभागीता का उदेद्य पूर्वाचल मे उद्यमिता का विकास करना तथा छात्रो को अधिक से अधिक लाभ पहुचाना साथ ही पूर्वाचल के आस पास के क्षेत्रो के छोटे बडे व्यवसाइयो को लाभ तथा इससे जुडे समस्या का सामाधान एवं वित्त पोषण मे सहयोग एवं मार्ग दर्शन प्राप्त होगा इस उदेश्य के साथ बिमटेक के सदस्य श्री मनीष सिंह एवं श्री कर्तिकेय मनन अपने अनुभव साझा किया। इस कार्यक्रम मे संस्था के चेयरमैन श्री वीरेन्द्र सिंह, वाइस चेयरमैन श्री विनोद सिंह, मैनेजिंग डायरेक्टर श्री विवेक विक्रम सिंह, डायरेक्टर प्रो श्री कुलभूषण गुप्ता, प्राचार्य प्रो आर बी सिंह रजिस्ट्रार डा0 श्री विजय उपाध्याय, सी0आर0सी श्री विनय सिंह, अध्यापकगण आदि उपस्थित रहें । क्रार्यक्रम का आयोजन श्रीमती निवेदीता वर्मा, तथा सहयोगी, रागी टीएस, निमीशा खत्री, डा0 हनी गुप्ता के द्वारा किया गया।

## संक्षिप्त खबरें

### जनता का फोन नहीं उठाते जेई सोंगर, मुख्यमंत्री के मंशा की उड़ रही है धज्जियां

प्रखर खेतासराय जौनपुर। कहते हैं कि जब अफसरशाही चढ़ती है तो अच्छे अच्छे अधिकारी उसमें डूबे रहते हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अफसरों को निर्देशित किया है कि जन समस्याओं का तत्काल निराकरण हो तथा अधिकारी कर्मचारी जनता के फोन का जवाब अवश्य दें परन्तु मुख्यमंत्री के इस निर्देश का विद्युत विभाग के जेई सन्तोष कुमार पर पड़ता दिखाई नहीं दे रहा। जेई साहब पर अफसरशाही की खुमारी यूँ चढ़ी की उतरने का नाम ही नहीं ले रही है और चढ़े भी क्यों न साहब? साहब का ठहरे बिजली खराब हो तो उनकी बला से क्या मतलब है जनता भुगते, लेकिन महाशय का फोन नहीं उठता । कसम से डीएम,एसडीएम भी फेल हैं इनके आगे। अब देखने वाली बात है कि जिलाधिकारी ऐसे अफसरो पर कब लगाम लगाते है ?

### पूजा बसाक ने अपने सहयोगी कलाकार श्री कृपा सिंधु के साथ सावन पर गायन प्रस्तुत किया



प्रखर वाराणसी। श्रावण मास के कृष्ण पक्ष की चतुर्दशी तिथि में देवधि देव महादेव की नगरी में "काशी रस" के रूप में काशिकेय संस्कृति के नवीन स्वरूप से जन सामान्य को अवगत कराने एवं नवोदित कलाकारों को सशक्त मंच प्रदान करने के उद्देश्य से सुबह - ए- बनारस के मंच पर पुलिस कमिश्नर वाराणसी आदरणीय अशोक मुथा जैन जी की परिकल्पना को साकार करने का अद्भुत प्रयास सुबह - ए - बनारस के सचिव एवम संस्थापक आदरणीय डॉ रत्नेश वर्मा के सहयोग से किया जा रहा है।आज की प्रस्तुति में बीएचयू की युवा छात्रा सुश्री पूजा बसाक ने अपने सहयोगी कलाकार श्री कृपा सिंधु के साथ सावन पर गायन प्रस्तुत किया। संगत में तबला पर श्री करण मिश्रा, हारमोनियम पर सुश्री वर्षा बसाक उपस्थित रहे। समस्त कलाकारों ने अपनी मोहक प्रस्तुति के माध्यम से दर्शक गण के हृदय को आनंदित किया। संचालन सीमा केशरी ने किया धन्यवाद ज्ञापन श्री श्याम कुमार केसरी ने दिया।

### वाराणसी में शिक्षक सदस्यता अभियान का आगाज



प्रखर पूर्वान्चल वाराणसी। प्रदेश महामंत्री -कुंवर जीत इलाहाबादी के नेतृत्व में एक शिक्षकों का प्रतिनिधिमंडल जनपद के विभिन्न विद्यालयों जैसे कि काशी कृषक इंटर कॉलेज हरहुआ, उड़िया बाबा इंटर कॉलेज बैजलपट्टी, राजेश्वरी बालिका इंटर कॉलेज बैजलपट्टी, इंटरमीडिएट कालेज वीरापट्टी, युगल बिहारी इंटर कॉलेज रामेश्वर, हाथी बरनी इंटर कॉलेज हाथी बाजार, बद्री नारायण इंटर कॉलेज कनियर, राजकुमारी बालिका इंटर कॉलेज कनियर, सुभद्रा कुमार इंटर कॉलेज बसनी एवं कमला बालिका इंटर कॉलेज बसनी वाराणसी में श्रद्धेय नीरज कुमार विमल, प्रदेश संगठन मंत्री, हृदय राज कपूर, प्रांतीय मीडिया प्रभारी, सुजीत कुमार, जिला उपाध्यक्ष आदि के साथ विद्यालयवार भ्रमण करके शिक्षकों की समस्यायों को सुना, उनके निराकरण का आश्वासन दिया एवं उत्तर प्रदेश शिक्षक महासभा उ.प्र.की अधिक से अधिक सदस्यता स्वीकार करके मजबूती प्रदान करने के लिए निवेदन किया।

### प्रसिद्ध सिद्ध पीठों में से एक है हथियाराम मठ यहां काशी नरेश भी आने की अपनी इच्छा जता चुके हैं



प्रखर जखनिया गाजीपुर। देश के प्रसिद्ध सिद्ध पीठों में एक सिद्ध पीठ हथियाराम मठ है। जो साकार ब्रह्म के उपासक शैव समुदाय की पीठ सिद्ध पीठ हथियाराम मठ की परंपरा 800 वर्ष प्राचीन है। इसका प्रमाण सामान्य जनश्रुति प्राचीन हस्तलिपी लिखित पुस्तकों व भारतीय इतिहास में मिलता है। इस पीठ पर आसीन होने वाले संत सन्यासी कहे जाते हैं। उनकी गद्दी परंपरा दत्तात्रेय, शुक्र देव व शंकराचार्य से प्रारंभ होती है। जो सिद्ध पीठ 800 वर्ष पूर्व बड़े-बड़े झाड झंखाड़ जंगलों में बेसो नदी के तट पर गुरु जनो ने तपस्या की उस समय मां प्रकट होकर बोली कि जन कल्याण के लिए यह स्थल होगा। गुरुजनों ने पूर्व में मां की मूर्ति को मिट्टी के कच्चे चबूतरे बनाकर जनकल्याण के लिए पूजन अर्चन करना शुरू किया । इनके तप से मानव कल्याण के लिए आज भी सिद्ध पीठ में कच्चे चबूतरे में बृद्धिका मां मौजूद है। जहां पर अखंड ज्योति जलाई जाती है। जो भी भक्त सच्चे मन से मां का दर्शन पूजन करता है उसे खाली हाथ वापस नहीं जाना होता है। आज भी दूर दराज से सैकड़ों भक्त मां का दर्शन पूजन कर अपने को धन्य होते हैं। इस सिद्ध पीठ का अपने ही देश नहीं बल्कि विदेशों में भी महात्मय है। जहां से लोग यहां आकर दर्शन पूजन करने पहुंचते हैं। यहां आने के लिए महाराज काशी नरेश भी अपनी इच्छा जता चुके हैं।

प्रखर पूर्वांचल

RNIUPHIN/2016/68754

मुद्रक प्रकाशक 'पंकज सिंह' के लिए सम्पादक 'अरुण सिंह' द्वारा 'गायत्री प्रिंटिंग प्रेस' सकलेनाबाद नियर दुर्गा चौक, गाजीपुर पिन कोडः 233001 से छपवाकर कनेरी गाजीपुर से प्रकाशित

सम्पादकीय कार्यालयः 9/10, टैगोर मार्केट, कचहरी, गाजीपुर पिन कोडः 233001

सम्पर्क सूत्रः 0548-2223833, +91-8858563779 +91-9450208067, +91-9452844802

सभी विवाद गाजीपुर न्यायालय के अधीन होगें।

ताजा खबर पढ़ने के लिए लॉगइन करें हमारी वेबसाइट
https://prakharpurvanchal.com
Email ID: prakharpurvanchal@gmail.com

सांध्य दैनिक प्रखर पूर्वाचल अखबार के सभी पद अवैतनिक हैं